www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष – 8 I अंक–250 I सागर, सोमवार, 30 अक्टूबर 2023 I पृष्ठ –8 I मूल्य – 3.00 रुपए

कोरोनाकाल और किसानों के संकट काल में कहां थे भाजपा नेता : चतुर्वेदी पृष्ठ 3

- प्रयोग के लिए प्रयोग राजनीति में नुकसानदायक
- संघ ने मध्यप्रदेश में संभाली अनेक निर्वाचन क्षेत्रों की कमान पृष्ठ 4

- कांग्रेस प्रत्याशी ने थाना प्रभारी खरगापुर के खिलाफ निर्वाचन आयोग को भेजी शिकायत पृष्ठ 6

सोशल मीडिया पर गाइड लाइन के तहत करें पोस्ट : दीपक आर्य पृष्ठ 8

सार-समाचार

खड़गे ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर सरकार को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तंज किया। खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर एक कार्टून शेयर करते हुए हिंदी में लिखा, 'पिछले 9.5 सालों से बीजेपी बढ़ती महंगाई और ऊंची कीमतों के खिलाफ जनता के आक्रोश का मजाक उड़ा रही है, हर बार महंगाई के मुद्दे पर मोदी सरकार ने लोगों का मजाक उड़ाया है।' महंगाई दिखाई नहीं देती, मैं प्याज नहीं खाता, हम दूसरे देशों से बेहतर हैं।'

एक नवंबर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में मामलों की होगी ई-फाइलिंग

प्रयागराज, एजेंसी। अब किसी भी जिले से बैठकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में ऑनलाइन मुकदमे की ई-फाइलिंग की जा सकेगी। यह सुविधा मेरठ से शुरू होगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने प्रशासनिक पक्ष से एक अधिसूचना के माध्यम से सभी जिला न्यायाधीशों को अपने-अपने जिलों में ई-सेवा केंद्र उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए हैं ताकि कोई भी वकील/वादी उस सुविधा से अपना मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय या उसकी लखनऊ पीठ में दाखिल कर सके।

मणिपुर से असम लाई गई 5 करोड़ की ड्रग्स जब्त

गुवाहाटी, एजेंसी। असम पुलिस ने कार्बी आंगलोंग जिले में एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 5 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। वहीं, ड्रग तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के मुताबिक ड्रग्स की खेप मणिपुर से आ रही थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने एक सूचना मिलने के बाद लाहौरिजन चौकी क्षेत्र के पास एक कार को रोका।

डेंगू की चपेट में आए उपमुख्यमंत्री अजीत पवार

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को डेंगू हो गया है और चिकित्सकों ने उन्हें अगले कुछ दिनों तक आराम करने की सलाह दी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को यह जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से कुछ राजनीतिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में पवार के नजर नहीं आने के बाद तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि पवार को डेंगू हो गया है।

श्रीलंका ने 37 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

रामनाथपुरम/तमिलनाडु, एजेंसी। श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने और गैरकानूनी तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 37 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया तथा पांच मछली पकड़ने वाले नावों को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने शनिवार और रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में इन भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने रविवार सुबह यहां कहा कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के थंगाचिमादम और रामेश्वरम के रहने वाले हैं। इस बीच, श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि उसने शनिवार की शाम और रविवार की सुबह श्रीलंकाई जलक्षेत्र से भारतीय शिकार करने वाले ट्रॉलरों को खदेड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया था। पकड़े गए मछुआरों और अवैध शिकार करने वाले ट्रॉलरों को तलाईमन्नार पियर और कंकासंथुरई हार्बर ले जाया गया और उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मत्स्य अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

बलिया में सड़क दुर्घटना में 4 की मौत

बलिया, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के गढ़वार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो सवार चार लोगों की मौत हो गई तो वहीं आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक शंकरन आनंद बताया कि जिले के जिले के गढ़वार थाना क्षेत्र के चिलकहर चट्टी पर रविवार की भोर बलिया से मऊ की तरफ जा रहे टैंपो की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। तो 8 लोग घायल हो गए । चार लोगों को गंभीर हालत में वाराणसी रेफर कर दिया गया है, वही चार लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

केरल में प्रार्थना सभा में 3 धमाके, एक मौत

52 घायल, त्रिशूर में एक शख्स ने आत्म समर्पण किया

एर्नाकुलम, एजेंसी। केरल के एर्नाकुलम में रविवार को एक कन्वेंशन सेंटर में तीन धमाके हुए। इसमें एक की मौत और 52 लोग घायल हो गए। कलामासेरी स्थित कन्वेंशन सेंटर में सुबह साढ़े 9 बजे के करीब 2 हजार लोग प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान 5 मिनट के अंदर लगातार तीन धमाके हुए। राज्य के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने कोडकारा पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया है। उसका दावा है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम रखा था।

आरोपी का नाम डोमिनिक मार्टिन है। हालांकि मार्टिन ने अभी तक यह नहीं बताया कि किस वजह से उसने ये धमाके किए। इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। इससे पहले कन्नूर पुलिस ने भी एक व्यक्ति को उसके बैग में संदिग्ध सामान मिलने के बाद हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वह झारखंड का रहने वाला है। वह मंगलुरु से एरिकोड जा रहा था।

घायलों में 6 की हालत गंभीर

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि 52 लोगों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें 18 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। एक 6 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की हालत गंभीर है। शुरुआती जांच के मुताबिक, आईईडी टिफिन बॉक्स में लगा कर कन्वेंशन सेंटर के अंदर रखी गई थी। जांच के लिए 8 स्पेशल टीम बनाई गई है।

आंध्रप्रदेश : 2 ट्रेनें टकराईं, 6 की मौत

विजयनगरम, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में दो ट्रेनों के बीच भीषण टक्कर हुई है. दो ट्रेनों की टक्कर के बाद कई बोगियां पटरी से उतर गई हैं. घटना में अब तक 6 यात्रियों की मौत हो गई है जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं. हादसे के बाद राहत व बचाव टीम मौके पर पहुंच गई है और फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास जारी है।

जानकारी के मुताबिक, कोठावलासा 'मंडल' (ब्लॉक) में कंटाकपल्ली के विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 08532) की टक्कर के बाद विशाखापत्तनम-रायगड़ा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 08504) की कुछ बोगियां पटरी से उतर गईं. घटना को लेकर आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तत्काल राहत उपाय करने और विजयनगरम के पास के जिलों से घटनास्थल पर अधिक से अधिक एंबुलेंस भेजने का निर्देश दिया है. दरअसल, ओवरहेड केबल कट जाने की वजह से विशाखापत्तनम-रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी. इसी वक्त उसी पटरी पर पीछे से विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन आ गई और टक्कर मार दी. टक्कर के बाद पैसेंजर ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं. टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बोगी बुरी से क्षतिग्रस्त हो गई है।

घटना को लेकर मंडल रेल प्रबंधक ने बताया है कि हादसे में पैसेंजर ट्रेन के तीन कोच को नुकसान पहुंचा है. घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ को दो गई है. एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है. घायलों को एंबुलेंस के जरिए स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया जा रहा है।

शिवराज ने बुधनी क्षेत्र में किया रोड शो, सभाओं में बोले-

कमलनाथ अरबपति उद्योगपति सेठ हैं, राजनीति उनके लिए रोजगार है

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी के रेहटीनगर, सतनारा, भैरूंदानगर और गोपालपुर में रोड शो कर जनसभाओं को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कमलनाथ जी भी कुछ भी कहते रहते हैं। कहते हैं, हमारे लिए राजनीति कोई रोजगार का माध्यम थोड़ी है। राजनीति हमारा धंधा नहीं है। हम रोजगार के लिए राजनीति नहीं करते हैं। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि, कमलनाथ जी रोजगार के लिए राजनीति आप करते होंगे। आप उद्योग जगत से आते हैं, आप अरबपति हैं, आप सेठ हैं। आपका काम करने का स्टाइल अलग है। जनता से आपको कोई लेना-देना नहीं है। आप कभी गाँव में नहीं गए। गाँव की गलियां, खेत, खेत की पगडंडियां इन सबसे आपका कोई वास्ता नहीं है। प्राकृतिक आपदा भी आती है, तो कहते हैं मैं वहां नहीं जाता और मैं अगर जाता था तो कहते थे ये ओला टूरिज़्म कर रहें हैं। राजनीति रोजगार का माध्यम, आपके लिए होगी। भारतीय जनता पार्टी के लिए ये सेवा का साधन है, हम सेवा के लिए राजनीति करते हैं। यह एक अजूबा है कि, कई नेताओं से लोग पैसा मांगते हैं, लेकिन शिवराज सिंह को लोग पैसे दे रहें है कि, तुम चुनाव लड़ों। ये मेरी जनता का असीम प्रेम है। मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं। यह परिवार की सरकार है और परिवार की सरकार का मतलब है परिवार की पूरी व्यवस्था।

प्रियंका गांधी ने सौ झूठ में एक सच बोला

श्री चौहान ने प्रियंका गांधी के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर कहा कि, प्रियंका जी मध्यप्रदेश आकर लगातार झूठ बोल रही थी, लेकिन 100 झूठों में एक सच बोला कि, उनके स्वर्गीय पिताजी ने भी अमेठी का विकास नहीं किया। कांग्रेस का विश्वास विकास में नहीं है। जब श्रीमान बंटाधार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब मध्यप्रदेश को उन्होंने तबाह और बर्बाद कर दिया था। ना बिजली थी ना सड़कें थी ना पानी था। चारों तरफ केवल हाहाकार था। तो प्रियंका जी ने ये तो स्वीकार कर लिया कि, कांग्रेस विकास नहीं करती। विकास केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही करती है। प्रियंका जी सच कहने के लिए आपका धन्यवाद और ये भी मानिए कि, विकास करके भाजपा ने मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा किया है।

कांग्रेस काल में बुधनी को सौतेली नजरों से देखा गया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस के जमाने में बुधनी को सौतेली नज़रों से देखा गया। कांग्रेस ने कभी यहां विकास के नाम का एक पत्थर तक नहीं लगाया था। काकर्दा, बोगदा, बरखेड़ा होते हुए रतनपुर से जाजनामट्ठा गाँव का रोड एक जमाना था जब उसे काला पानी कहा जाता था। इतनी धूल जमती थी लोग कहते थे ये तो काला पानी है। सवा साल में भी एक भी काम नहीं हुआ, लेकिन अब आपका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायसेन और कुरवाई की सभाओं में कमलनाथ ने कहा-

युवाओं को रोजगार चाहिए तो भाजपा नेताओं को बेरोजगार करना होगा

भोपाल, देशबन्धु। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज रायसेन और कुरवाई में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार चाहिए तो भाजपा को बेरोजगार करना होगा।

भाजपा की 18 साल की सरकार ने मध्य प्रदेश को चौपट प्रदेश बना दिया है। इस सरकार ने युवाओं के भविष्य और किसानों की खुशहाली पर ताला लगा रखा है। अब आपको यह ताला 17 तारीख़ को कांग्रेस को वोट देकर खोलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस, पैसा और प्रशासन की दम पर ये 18 साल से सरकार चला रहे है। शिवराज सिंह चौहान को चुनाव के समय पर नौजवान याद आ रहे है, बहने याद आ रही है, कर्मचारी याद आ रहे हैं। मैं नौजवानों से कहना चाहता हूं कि आप इनकी झूठी घोषणाओं को जरूर याद रखिएगा। कमलनाथ ने कहा कि मैं आपसे बस इतना ही कहना चाहता हूं कि चुनाव के लिए 20 दिन बचे हैं और आपको इन 20 दिनों में चिंतन करने की आवश्यकता है, आपको तय करना है कि आप आगे आने वाली पीढ़ी को किस तरह का प्रदेश देना चाहते हैं। श्री कमलनाथ ने कहा कि ज़ब आप वोट देने जाए तो हमारे वचनपत्र को जरूर ध्यान में रखे और प्रदेश की आज की तस्वीर भी सामने रखें। कांग्रेस की सरकार आने पर हम किसानों नौजवानों और महिलाओं के लिए प्राथमिकता से काम करने वाले हैं। कमलनाथ ने कहा कि आप एक बार कांग्रेस पार्टी का वचनपत्र जरूर ध्यान से पढियेगा, इसके माध्यम से हम महिलाओं को 1500 रूपये महीने देंगे, किसानों का कर्ज माफ़ करेंगे, हमारी सरकार धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपये देगी और उसे बाद में बढ़ाकर 3000 किया जाएगा। हमारी सरकार आने पर 25 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख का दुर्घटना बीमा हर परिवार को देने का काम करेगी।

कमलनाथ नें कहा कि हमने अपनी पिछली सरकार में एक हजार गौशालाएँ बनवाई,कन्या विवाह की राशि बढ़ाने का काम किया था और अब सरकार आने पर हम उस राशि को बढ़ाकर एक लाख एक हजार करने वाले हैं। हमने 100 यूनिट फ्री बिजली दी थी और अब हम 5 हॉर्स पावर तक के बिजली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शाह ने डेढ़ घंटे में 260 नेताओं को दिया जीत का मंत्र, बोले-

अहंकार छोड़ें नेता, हर बूथ को जिताएं

छतरपुर, देशबन्धु। केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने रविवार को खजुराहो में सागर संभाग के भाजपा नेताओं, प्रवासी प्रभारियों और मप्र के चुनिंदा चुनाव प्रभारी नेताओं की बैठक ली। इस बैठक के दौरान अमित शाह ने साफतौर पर नेताओं को संदेश दिया कि वे अपने सारे अहंकार और निजी स्वार्थ को त्यागकर पार्टी को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत लगाएं। उन्होंने कहा कि हर बूथ को जागृत करें, पन्ना प्रभारी से लेकर बूथ समितियों में मौजूद कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरें, ताकि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार प्रचण्ड बहुमत से बन सके। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मध्यप्रदेश दौरे पर है। इसी कड़ी में वे रविवार को खजुराहो पहुंचे। निजी होटल में भाजपा की संभागीय बैठक शुरू की। डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में सागर संभाग की सभी 26 विधानसभा सीटों के करीब 260 पदाधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खजुराहो में हुई संभागीय समीक्षा बैठक

मराठा आरक्षण की मांग ने पकड़ा जोर

- 11 दिन में 13 लोग कर चुके हैं खुदकुशी
- एनसीपी शरद गुट ने की विशेष सत्र की मांग

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर रविवार को एक अन्य युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बीड जिले के परली तालुका के रहने वाले गंगाभीषण रामराव के रूप में हुई है। यह जिले में पिछले दो दिनो में आत्महत्या की दूसरी घटना है। वहीं, राज्य में 11 दिनों में 13 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। इससे पहले, शनिवार को एक पंचायत सदस्य ने खुदकुशी की थी। मरने वाले का नाम महेश कदम था। वह अहमदनगर की ढालेगांव तहसील का रहने वाला था। महेश ने सुसाइड नोट में लिखा था कि लगातार सूखे के चलते स्थिति खराब होती जा रही है।

मुझे मराठा रिजर्वेशन नहीं मिला, जिसके चलते बच्चों की फीस भरना मुश्किल हो गया है। इधर, एनसीपी शरद गुट के महाराष्ट्र अध्यक्ष जयंत पाटिल, सांसद सुप्रिया सुले और विधायक जितेंद्र आव्हाड ने मराठा आरक्षण को लेकर राज्यपाल रमेश बैस से राजभवन में मुलाकात की है। उन्होंने इसे लेकर उनसे विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। वहीं, मराठा आरक्षण के नेता मनोज जारांगे ने 27 अक्टूबर को कहा था कि राज्य सरकार आरक्षण के विरोध में हैं।

यूनेस्को की एक रिपोर्ट में दी गई जानकारी

भारत में जमीन के अंदर कम हो रहा पानी

- खतरनाक संकट की ओर बढ़ रहे हैं हालात
- 2025 तक बहुत ज्यादा बढ़ सकती है समस्या

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत गंगा, जमुना जैसी पवित्र नदियों का देश कहा जाता है। यहां पानी की समृद्धता इसे और सुंदर बनाती है। लेकिन इसी सुंदर और समृद्ध देश को गांवों और शहरों में पानी की बर्बादी किसी ओर दिशा में खींच रही है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की एक रिपोर्ट की मानें तो साल 2025 तक भारत में पानी की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ सकती है।

ऐसे में इस बढ़ती समस्या को लेकर आशंका जताई गई है कि जल संरक्षण की कमी, प्रदूषण, अतिक्रमण, शहरीकरण और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाले समय में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जाएगा। यूनेस्को की द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार साल 2016 में धरती पर 9.33 करोड़ लोग पानी की कमी से परेशान थे, जिसके बाद कई देशों में जल संकट की भारी कमी देखी गई।

एशिया का 80 फीसदी क्षेत्र में पानी की कमी

रिपोर्ट में ये भी दावा है कि एशिया का 80 प्रतिशत क्षेत्र पानी की कमी से जूझ रहा है। जिसमें पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान पर ये संकट काफी ज्यादा है। समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इस समय भारत के प्रमुख 21 शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग पानी की भीषण परेशानी का सामना कर रहे हैं। देश में साल 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6 हजार घन मीटर थी जो साल 2025 तक घटकर 1600 घन मीटर रह जाने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा देश की बढ़ती आबादी भी जल संकट का एक बड़ा कारण माना जा रहा है।

जल संरक्षण है सबसे बड़ी चुनौती

फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती जल संरक्षण है। यदि जल को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले सालों में लोगों को पीने का पानी तक उपलब्ध करवाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। ऐसे में फिलहाल ये जरूरी है कि सरकार के पास वो सभी डेटा हो जो जल संरक्षण के लिए जरूरी हैं, जो फिलहाल एक बड़ी समस्या है।

इजराइल-हमास संघर्ष

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुलाई आपातकालीन बैठक

गाजा, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने परिषद में अरब प्रतिनिधि संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर सोमवार दोपहर को एक आपातकालीन बैठक बुलाई है. एपी के अनुसार यह बैठक सोमवार दोपहर को गाजा पर इजरायल के जमीनी हमले को लेकर है।

इजरायल ने गाजा पर हवाई हमले और टैंक गोले तेज कर दिए. अलजजीरा के मुताबिक वहां के अस्पताल के आसपास तेज बमबारी हो रही थी। अस्पताल पर सीधा हमला नहीं हुआ, लेकिन उसके आसपास के इलाकों को निशाना बनाया गया। इजरायली सेना ने कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक से रात भर में कम से कम 23 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार हमास लड़ाके भी शामिल हैं। अलजजीरा के मुताबिक युद्ध शुरू होने के बाद से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 700 हमास लड़ाकों सहित 1,030 से अधिक फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया था। इजरायली हमले में गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 7,960 हो गई है। रामल्ला में फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को हमास-नियंत्रित क्षेत्र के स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी दी।

बेतवा- पार्वती अंचल

सार-समाचार

भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त आज भरेंगे अपना नामांकन

सिरोंज, देशबन्धु। सिरोंज लटेरी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा सोमवार को अपना नामांकन जमा करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ एक रैली के रूप में नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए स्थानीय बस स्टैंड पर एक सभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वह तहसील कार्यालय पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी को पार्टी के अधिकृत बी फार्म के साथ अपना नामांकन जमा करेंगे। सोमवार को होने वाले जनसंपर्क आयोजन को विशाल रूप प्रदान करने के लिए विधानसभा के पांचों मंडलों के कार्यकर्ता तैयारियों में लगे रहे।

अयोध्या बस्ती में महिला ने लगाई फांसी

सिरोंज, देशबन्धु। अयोध्या बस्ती में रविवार की दोपहर बाद एक 45 वर्षीय महिला ने फांसी लगा ली। मृत महिला का नाम आरती है। उसका पति परसु रोड किनारे छोटी सी दुकान चलाता है। उसके दो लड़के है जो 15 व 17 साल के बताए जा रहे है। घटना के समय महिला घर मे अकेली थी। शाम करीब 5 बजे सिरोंज पुलिस महिला का शव लेकर शासकीय अस्पताल में पहुंची और पीएम करवाया। घटना के कारणों का अभी पता नही चला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पीले चावल देकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देंगे विहिप कार्यकर्ता

गंज बासौदा, देशबन्धु। आगामी कार्ययोजना को लेकर विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक सरस्वती शिशु मंदिर त्योंदा में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग मंत्री मलखान सिंह राजपूत ने कहा कि 450 वर्षों का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला अपने गर्भगृह में विराजमान होने वाले हैं इस सुअवसर के हम सभी साक्षी बनने जा रहे हैं। इस निमित्त विहिप संगठन के कार्यकर्ता रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जनमानस को पीले चावल देकर भूमिपूजन कार्यक्रम में आमंत्रित करेंगे तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस अवसर पर व्यवस्था भी संभालेंगे इसकी व्यापक तैयारी संगठन स्तर पर की जा रही है। इकाई स्तर तक बैठकों की योजना कर कार्य को विस्तार दिया जा रहा है। बैठक को प्रांत सह मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख पडिंत मुन्ना लाल शास्त्री प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल प्रांत टोली सदस्य समरसता डा. चंद्रशेखर शर्मा तथा जिलाध्यक्ष संदीप नेमा ने भी संबोधित किया।

रायसेन की सभा में बोले कमलनाथ

भाजपा सरकार ने किसानों से किया छलावा

रायसेन, देशबन्धु। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज रायसेन में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने किसानों से छलावा किया इसलिए अब इस सरकार को बदलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान इस समय आर्थिक स्थिति से जूझ रहे हैं किसी प्रकार की मदद भाजपा सरकार ने नहीं की हमारी सरकार आएगी तो हम सबसे पहले किसानों का विशेष ध्यान रखेंगे धान की कीमत भी बड़ा कर देंगे और जो भी योजनाएं हैं उनका लाभ भी किसानों को दिलाने का काम करेंगे। इसके साथ ही सभा के दौरान कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह बहुत अच्छे एक्टर हैं उन्हें राजनीति नहीं बल्कि मुंबई जाकर एक्टिंग का काम करना चाहिए, क्योंकि मंच पर वह अच्छी एक्टिंग करते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मुखिया ने 3:30 लाख करोड़ का कर्ज ले रखा है पूरा प्रदेश और प्रदेश का हर व्यक्ति कर्ज में दबा हुआ है, मध्य प्रदेश में बेरोजगारों के लिए भाजपा सरकार ने कोई रोजगार नहीं दिया आज हजारों की संख्या में बेरोजगार इधर से उधर परेशान हो रहे हैं यहां तक की भाजपा की सरकार में जो बाहरी प्रदेशों के उद्योगपति उद्योग लगाना चाहते थे उनसे भाजपा की सरकार ने उद्योग लगवाने के लिए पहले राशि देने की मांग की जिससे वह सरकार के दरवाजे तक भी नहीं पहुंच पाए जिधर देखो उधर पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार की सरकार चली और आम जनता के लोगों को कोई भी फायदा भाजपा की सरकार ने नहीं दिया जिससे जनता इस समय भारी नाराज चल रही है हम जनता के लोगों से वादा करते हैं कि प्रदेश में हमारी सरकार बनी तो हम सबसे पहले किसानों को कर्ज माफी की जो दूसरी किस्त रह गई थी उसे पूरा करने का काम करेंगे। उन्होंने सांची विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गुलाबचंद गौतम को भारी बहुमत से जिताए जाने की अपील भी जनसभा में मौजूद लोगों से की।

कइयों ने ली कांग्रेस की सदस्यता: नया दशहरा मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की जनसभा के दौरान सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता रहे मूलचंद कुशवाहा, चैन सिंह मीणा, श्रीमती प्रतिभा जगत शुक्ला, हेमंत धाकड़, सहित लगभग पांच जनपद सदस्य ने भी भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ में मंच पर ही उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। कांग्रेस की चुनावी सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

भाजपा सरकार को बदलना जरूरी: मसानी

कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में रखी गई चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साले धाकड़ संजय मसानी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों युवाओं महिलाओं बेरोजगारों के लिए कुछ भी नहीं किया इस झूठ की सरकार को बदलने का समय आ गया है । इससे पूर्व कांग्रेस की चुनावी जनसभा में सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र पटेल गडरवास, जिले के प्रभारी कैलाश परमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान आदि कई कांग्रेस के नेताओं ने सभा को संबोधित किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री पचौरी का सभा में नहीं आना चर्चा का विषय बना

जिला मुख्यालय पर पहली बार ऐसी स्थिति देखने में आई की विधानसभा चुनाव के चलते महत्वपूर्ण चुनावी जनसभा में जिले के मूल निवासी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का मंच पर नहीं होना वहां मौजूद आम जनता के लोगों में भी चर्चा का विषय रहा अब कारण जो भी हो परंतु पचौरी का चुनावी जनसभा में नहीं आना गुटबाजी को जन्म देता दिखाई देता है। इसके अलावा बात की जाए तो भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल भी जिला मुख्यालय पर आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान नहीं आ पाए बाकी तीन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सभा में मौजूद रहे यह भी चर्चा का विषय रहा।

बाल्मीकि जयंती पर झांकी के साथ निकाला चल समारोह

गंजबासौदा, देशबन्धु। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वार्ड 9 स्थित मंदिर से से पूजन-आरती के बाद महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में चल समारोह निकाला। इसमें समाज की महिलाएं भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए चल रही थी। समारोह में महर्षि वाल्मीकि सहित मां-सीता की सजीव झांकियां घोड़ा रथ पर निकाली। समाज के कई वर्गों ने जल समारोह का जगह-जगह स्वागत और पूजन किया।भजनों पर लोग रास्ते भर नाचते दिखाई दिए। पुरूषों से ज्यादा महिला वर्ग ने कार्यक्रम को लेकर उत्साह दिखाई दिया। चल समारोह त्योंदा रोड जयस्तंभ हनुमान चौक सहित मुख मार्गो से होकर नगर की परिक्रमा करने के बाद वापस मंदिर पहुंचा। जहां प्रसाद वितरण के बाद उसका समापन किया गया। चल समारोह के दौरान रथ पर महर्षि वाल्मिक की झाकी सजाई गई थी। साथ राम लक्ष्मण सीता की झांकी भी सजाई गई थी। जबकि दूसरे रथ में महर्षि वाल्मीकि के बड़े चित्र को स्थापित कर उनकी झांकी सजाई गई थी। झांकी के साथ सेवादार चंवर से हवा करते दिखाई दे रहे थे। समाज के विभिन्न वर्गों सहित जन प्रतिनिधियों ने पूजन किया इस आयोजन को परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया। पहले सुबह मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए इसके पश्चात दोपहर को यह आयोजन प्रारंभ किया।जय स्तंभ चौक पर चल समारोह का पूजन व आरती की। ब्राह्मण दल, राजपूत, विश्वकर्मा, दांगी, यादव, समाज सहित हिंदू जागरण मंच की ओर से चल समारोह का स्वागत किया गया। चल समारोह में सभी वर्गों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं चल समारोह में चल रही झांकी महर्षि वाल्मीकि की आरती उतार कर पूजा की गई।

सुभाष नगर से युवक की बाइक चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज

मुरैना, देशबन्धु। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के सुभाष नगर इलाके में शनिवार की रात अज्ञात चोर एक बाइक चोरी कर ले गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसके फुटेज पुलिस को बताए गए हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीरज यादव पुत्र राजाराम यादव उम्र 30 निवासी वार्ड 4 मुडियाखेरा में शनिवार की रात पंडित जी लस्सी वाले के मकान के पास रहने वाले अपने भाई के घर आया हुआ था और सीडी डीलक्स बाइक को सडक़ किनारे खड़ी कर घर में चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। जब युवक घर से निकलकर बाहर आया तो बाइक गायब थी। उसने शोर मचाया और आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे, जिसमें तीन युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। युवक द्वारा पुलिस थाने में आवेदन देकर सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों का पता लगाने की मांग की गई है।

केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक ने उदयपुरा विधानसभा के एसएसटी चेक प्वाइंट का किया निरीक्षण

रायसेन, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा और 143 सिलवानी के लिए नियुक्त केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक आईआरएस एसबीजी मोहपात्रा ने उदयपुरा विधानसभा अंतर्गत दिग्वाड और मांगरोल में स्थापित एसएसटी चेक प्वाइंट का निरीक्षण किया गया। केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक मोहपात्रा ने चेक प्वाइंट के निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीमों से वाहनों की जांच, पंजी, अभी जप्त की गई राशि आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

विधानसभा निर्वाचन के लिए सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक नियुक्त: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत रायसेन जिले के लिए सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जिले के विधानसभा क्षेत्र 142-सांची और 143-सिलवानी के लिए आईएएस संजय कुमार को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका लायजनिंग अधिकारी आरके पण्डोले को बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 141-भोजपुर के लिए आईएएस जगदीश प्रसाद मीना को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका लायजनिंग अधिकारी जलज चतुर्वेदी को बनाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्रों के लिए आईपीएस जुगल किशोर कुमार को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका लायजनिंग ऑफीसर प्रदीप रघुवंशी को बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 143-सिलवानी के लिए आईआरएस एसबीजी मोहपात्रा को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रों भ्रमण

गंजबासौदा, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों को साथ लेकर थाना निरीक्षक देहात एवं थाना निरीक्षक शहर एवं यातायात प्रभारी तथा थाना प्रभारी त्योंदा तथा थाना प्रभारी हैदरगढ़ द्वारा विधानसभा क्षेत्र बासौदा ग्यारसपुर में अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित विभिन्न संवेदनशील मतदान केंद्रों वाले ग्रामीण क्षेत्रों क्रमश: गमाखर, चौरावर बैहलोट लाल पठार, महागौर, गंज, बेदनखेडी, त्यौंदा, बागरौद, हैदरगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्रांतर्गत एसएसटी पाइंटस पर जाकर चैकिंग कराई गई। इस दौरान निरीक्षक संजीव चौकसे, देहात निरीक्षक हरिकिशन सिंह लोहिया, थाना प्रभारी गौरव बाजपेई एवं थाना प्रभारी राजेश मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

वीआईपी रोड पर किया पौधा रोपण

मुरैना, देशबन्धु। नगर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने वीआईपी रोड स्थित डिवाइडर पर लगभग 25 पौधे लगाए। इस अवसर पर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हमें शहर की सुंदरता एवं पर्यावरण का ध्यान रखते हुए पौधे अवश्य लगाने चाहिए। निगम आयुक्त ने बताया कि शहर में स्थित डिवाइडरों पर पौधे लगाकर उन्हें सुंदर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इसी क्रम में वीआईपी रोड डिवाइडर पर निगम आयुक्त एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुधीर गोयल, उद्यान शाखा प्रभारी सूरज सिंह तोमर द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

अनुराग कृष्ण डण्डोतिया ने किया देश का नाम रोशन

मुरैना, देशबन्धु। । यूएई दुबई में आयोजित एथलेटिक्स एशियाई चैंपियन प्रतियोगिताओं में अनुराग कृष्ण दंडोतिया ने जैसे ही दो प्रतियोगिताओं में अपनी क्षमताओं प्रदर्शन करते हुए में लगातार 2 स्वर्ण पदक हांसिल किये। जिसके बाद मुरैना चंबल अंचल सहित प्रदेश एवं देश का जनमानस उल्लास के चरम पर पहुंचकर थिरकने लगा। प्रसन्नता का यह उद्वेग अनुराग की ननिहाल जौरा में हंसी ठहाकों के साथ आतिशबाजी के उल्लास में घुल गया तो उसके परिजन एवं रिश्तेदारों की आंखों सै प्रसन्नता के आंसुओं के साथ बह निकला। दुबई के प्रतियोगिता स्थल स्टेडियम में 150 एवं 200 किलोग्राम की 95 से 105 किलोग्राम वर्ग प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा हुई, समूचा स्टेडियम तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंजने लगा। पूरे स्टेडियम में तिरंगे झंडे लहराने लगे। मुरैना की माटी में जन्मे एवं अपनी ननिहाल जौरा की गली कूचों में बड़े हुए अनुराग डण्डोतिया ने दोनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम गोरबांन्वित किया।

चंबल संभाग से 24 प्रतिभागी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे

- अमृत कलश पहुंचा दिल्ली, राष्ट्रीय स्तर पर 2 दिन आयोजित होंगे कार्यक्रम

मुरैना, देशबन्धु। मेरी माटी मेरा देश अभियान नगरी क्षेत्र में 9 अगस्त से 31 अगस्त तक संचालित किया गया था। अभियान अंतर्गत नगर निगम मुरैना द्वारा अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें प्रमुख रूप से देश की रक्षा कर रहे ऐसे वीर जवान जो देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देश के लिए दी है। ऐसे वीरों के परिवारीजनों को निगम द्वारा सम्मानित भी किया गया था। अब 30 व 31 अक्टूबर 2 दिवस दिल्ली में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 31 अक्टूबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

चंबल संभाग के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी माटी मेरे देश अभियान के तहत नगर निगम सहित जिले की 7 नगरीय निकायों ने दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग ले रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नगरीय निकाय के प्रतिभागियों में अंबाह नगर पालिका से नीलिमा श्रीवास्तव, पोरसा से राधा रानी बांदिल, बानमोर से गणेश बाथम, जौरा से स्नेहा सिंघल, कैलारस से अनुपम बाजपेई, सबलगढ़ से मयंक शर्मा, झुण्डपुरा से कपिल दुबे व नगर निगम मुरैना से बलवीर कुशवाहा सहित चंबल संभाग से 24 नामांकित प्रतिभागी दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

भाजपा नेता की गाड़ी ने 2 बाइक में टक्कर मारी, 6 घायल

- मीडिया को देख अस्पताल से चलता बने नेता

मुरैना, देशबन्धु। रविवार की दोपहर माता बसैया थाना अंतर्गत जीगनी गांव पर भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री की सभा में जा रहे कर के काफिले की एक गाड़ी ने दो बाइक पर बैठे लोगों को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे 6 लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी घायलों को जिला अस्पताल छोड़ गए और मीडिया को देखकर चलते बने।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर 1 बजे के लगभग सांगोली एवं माता का पुरा के 6 लोग दो बाइक पर सवार होकर करह धाम दर्शनों के लिए जा रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक जीगनी गांव पर पहुंची तो वहां भाजपा नेता के काफिले में चल रही एक फोर व्हीलर गाड़ी के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार सभी 6 लोग घायल हो गए। इसमें एक महिला की हालत गंभीर बताई गई है। जो लोग घायल हुए हैं उनमें कीरतराम पुत्र बाबूलाल केवट उम्र 35 निवासी माता का पुरा, अजय पुत्र कामराज उम्र 16 वर्ष, भुनेश्वर पुत्र कीरतराम उम्र 6, गुड्डी बाइ पत्नी कीरत राम, लाखन सिंह पुत्र रोशन सिंह 75 निवासी सांगोली, रामबीर पुत्र लाखन सिंह उम्र 40 शामिल है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर जीगनी गांव में दिमनी से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की जनसभा आयोजित हो रही थी, जिसके लिए मुरैना से भारी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता कारों के काफिले के साथ वहां जा रहे थे और इस दौरान उक्त घटना घटित हो गई। बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी चालक एवं कुछ नेता घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उन्हें भर्ती कराया, लेकिन तभी मीडिया के पहुंच जाने के पश्चात नेता वहां से निकलते बने।

करंट लगने से 12 वर्षीय बालिका की मौत

मुरैना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली के अंतर्गत न्यू आमपूरा क्षेत्र में रविवार की दोपहर करंट लगने से एक 12 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृत बालिका का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर साधना पुत्री श्रीनिवास प्रजापति 12 वर्ष निवासी माता वाली गली न्यू आमपुरा अचानक से करंट फेंक रहे कूलर की चपेट में आ गई और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा बालिका का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

सार समाचार

नगर में मनाया गया असाटी दिवस

बड़ामलहरा, देशबन्धु। असाटी समाज के द्वारा शिव शक्ति वाटिका में असाटी दिवस का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह से रामबाग मन्दिर से लेकर शिवशक्ति वाटिका तक विशाल रैली निकाली गई जिसमें महिलाओं ने गरवा खेलते हुए आकर्षण का केंद्र रहीं। असाटी समाज द्वारा शिवशक्ति वाटिका में सास्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए साथ ही प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय असाटी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, नगर अध्यक्ष गंगा राम असाटी, महिला अध्यक्ष मालती असाटी, डॉ. रमेश असाटी, धनप्रसाद असाटी, कमलेश असाटी सहित असाटी समाज के लोग मौजूद रहे।

जैन मिलन द्वारा नेत्र शिविर आयोजित, 35 मरीजों को होगा ऑपरेशन

बड़ामलहरा, देशबन्धु। जैन मिलन शाखा बड़ामलहरा के तत्वाधान में रविवार को द्रोणगिरी भवन में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड चित्रकूट के डॉक्टरों की टीम द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए मरीजों ने अपना चेकअप करवाया, जिसमे कुल 95 मरीजों की आंखों की जांच की गई। डॉक्टरों ने 35 मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया जिनका इलाज चित्रकूट में किया जाएगा।

इस शिविर में अध्यक्ष वीर संजीव जैन, प्रचार मंत्री वीर निलय जैन, निखिल जैन, विमल, अभिषेक, रोहित, नवनीत, दीपक, राहुल शैलेन्द्र, कौशल, संजय, चंद्रेश, रूपेंद्र, देवांग, दर्शित, नाभीराय, दीपेश, प्रशांत, अमित सहित जैन मिलन के सदस्य मौजूद रहे।

करेंट लगने से किशोर की मौत

छतरपुर, देशबन्धु। ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कालापानी में एक किशोर अपने खेत पर लगा पंप चला रहा था तभी वह करेंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कालापानी निवासी अज्जू उर्फ आजाद पटेल पिता ओमप्रकाश पटेल 16 वर्ष खेत पर पंप चालू कर रहा था तभी पंप के तार लगाते समय वह करेंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

कांग्रेस प्रत्याशी ने किया भाजपा सरकार पर हमला, याद दिलाया कोरोनाकाल

कोरोनाकाल और किसानों के संकट काल में कहां थे भाजपा नेता : चतुर्वेदी

छतरपुर, देशबन्धु। भाजपा के जो प्रत्याशी आज जनता के सेवक बनने का नाटक कर रहे हैं ये कोरोनाकाल की विपरीत परिस्थिति में कहां गायब हो गए थे। जब अस्पताल में ऑक्सीजन और दवाओं की कमी थी, प्रतिदिन लोग बदहाल व्यवस्था के बीच दम तोड़ रहे थे तब भाजपा के इन नेताओं ने कौन से कदम उठाए। यह बात छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी और विधायक आलोक चतुर्वेदी ने अपने जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जनता ऐसे नेताओं को कभी नहीं भूलेगी जो विपरीत परिस्थितियों के दौरान अपने घर में घुसे रहे।

आलोक चतुर्वेदी ने याद दिलाया कि कोरोना के संकट में जब जनता सांसों के लिए तड़प रही थी तब सरकार और भाजपा के नेताओं ने हाथ खड़े कर दिए थे। खेलग्राम में ऑक्सीजन कंसट्रेटर मशीनों के साथ हमने प्रदेश का पहला ऑक्सीजन बैंक बनाया था जिससे जनता को मदद मिल सकी। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग किसानों की मुश्किल घड़ी में भी सामने नहीं आए। जब छतरपुर जिले में किसान खाद और बीज की लाइन में खड़े होकर पुलिस की लाठियां खाते रहे तब भाजपा के ये नेता घरों से बाहर क्यों नहीं निकले? इन नेताओं ने पांच वर्षों तक मेडिकल कॉलेज, छतरपुर महाराजा कॉलेज, एनटीपीसी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी। विधायक ने कहा कि भाजपा के ये नेता सिर्फ चुनाव के समय ही जनता के सेवक बनने का नाटक करते हैं और फिर पांच साल जनता को नजर भी नहीं आते हैं।

जनता ऐसे नेताओं और भाजपा सरकार में निर्मित हुई बदहाल परिस्थितियों को कभी नहीं भूलेगी। विधायक ने कहा कि हाल ही में आया सर्वे बता रहा है कि मप्र में प्रचण्ड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

ग्राम निवारी, बारी, पिडपा में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने दिया जीत का भरोसा

भाजपा विकास करती है आपकी चिंता करती है उसे जिताएं : ललिता

छतरपुर, देशबन्धु। भाजपा विकास करती है आपकी चिंता करती है उसे जितायें। केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने हर जरूरतमंद को अन्न, आवास देकर समस्याओं का समाधान किया है। इसलिए कमल खिलाकर भाजपा को ही जिताना हैं। यह बात भाजपा की प्रत्याशी ललिता यादव ने ग्राम निवारी, बारी और पिडपा में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से कही है।

पिडपा गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उत्साह से उनका फलों से तुलादान किया, महिलाओं ने गले लगाया और तिलक लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। जनसंपर्क के दौरान गांव के बुजुर्ग, युवा और महिलाओं ने बढ-चढकर भागीदारी करके हरसंभव जीत के प्रति आश्वस्त किया है। ग्राम पिडपा में चैपाल पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ललिता यादव ने कहा आपने पूर्व में जब मुझे अपना आर्शीवाद देकर चुनकर भोपाल भेजा तो मैने आपकी मांग के अनुसार गांव के विकास और व्यवस्थाओं में कोई कसर नहीं छोडी। पिडपा से बरद्धाहा मार्ग का निर्माण कराया है।

स्वास्थ्य और शिक्षा के कई काम विधानसभा में कराये हैं। उन्होंने कहा कि पिडपा गांव में जलसंकट के निदान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच से जलशक्ति मिशन के तहत 311 करोड की योजना दो माह पहले स्वीकृत हो चुकी है। जिससे जनवरी 2024 तक हर घर तक नल से जल पहुंचाने का काम तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

आलोक चतुर्वेदी, बब्बूराजा, नीरज दीक्षित, दौलत तिवारी भरेंगे फार्म

छतरपुर और नौगांव में रैलियों का आयोजन

छतरपुर, देशबन्धु। छतरपुर जिले में चल रहे विधानसभा चुनाव आज से सरगर्म होने वाले हैं। आज नेताओं का पहला बड़ा शक्ति प्रदर्शन छतरपुर जिले के नौगांव और छतरपुर शहर में देखने को मिलेगा। छतरपुर शहर में विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी व बसपा प्रत्याशी बब्बूराजा अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे तो वहीं नौगांव में विधायक नीरज दीक्षित व सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी अपना नामांकन पत्र भरेंगे। इन दोनों शहरों में नामांकन पत्र भरने के लिए नेताओं ने शक्ति प्रदर्शन के रूप में रैलियों की रूपरेखा बनाई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी सुबह 11 बजे अपने कार्यकर्ताओं के साथ सागर रोड में स्थित खेलग्राम में एकत्रित होकर एक रैली के रूप में मोटे के महावीर मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगे। इसके बाद वे पदयात्रा करते हुए आकाशवाणी, डाकखाना, चौक बाजार, बस स्टेण्ड होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र जमा करेंगे। आलोक चतुर्वेदी नामांकन पत्र जमा करने के बाद किशोर सागर स्थित सेवाग्राम में कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। इसी तरह बसपा प्रत्याशी बब्बूराजा भी सागर रोड पर अपने निवास से रैली के रूप में शक्ति प्रदर्शन करते हुए निकलेंगे और नामांकन दाखिल करेंगे। नौगांव में भी विधायक नीरज दीक्षित और बागी कांग्रेसी नेता व सपा प्रत्याशी दौलत तिवारी ने अपना नामांकन दाखिल करने की तैयारी की है। यहां दौलत तिवारी राधिका गार्डन में स्थित सपा कार्यालय से एक रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचेंगे और अपना फार्म जमा करेंगे।

जनसंपर्क कर महाराजपुर के कांग्रेस प्रत्याशी ने की अपील

भाजपा ने महराजपुर में परिवारवाद को बढ़ावा दिया : दीक्षित

- जनसंपर्क कर लोगों से मिलते कांग्रेस प्रत्याशी नीरज दीक्षित

महाराजपुर, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज दीक्षित का चुनावी जनसंपर्क लगातार जारी है। जहां एक ओर कांग्रेस प्रत्याशी के भाई गौरव दीक्षित ने ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर कांग्रेस को जिताने की अपील की तो वही पत्नि शिल्पी दीक्षित भी नगर नौगांव में लगातार जनसंपर्क कर रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज दीक्षित ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा ने परिवारवाद को बढ़ाकर एक राजा के बेटे को इस क्षेत्र के लोगों पर राज करने की सोच रखकर आपके बीच उतारा है दूसरी तरफ कांग्रेस ने मुझे आपके बेटे को किसानों का कर्ज माफ कराने, मजदूरों का सम्मान करने, बुजुर्गों की पेंशन 600 से 1200 रुपये कराने, माताओं बहनों को 1500 रुपये प्रतिमाह और 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिलाने और छोटे भाईयों को नौकरी दिलाने मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन रही है और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से आपका साथ चाहिए ताकि मध्य प्रदेश के साथ साथ महाराजपुर विधानसभा से भ्रष्टाचार का सफाया हो सके ताकि गरीब को उसका हक और अधिकार मिल सके ताकि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाये संविधान के अनुरुप इस विधानसभा में लोकतंत्र को निरंतर स्थापित रखा जा सके। कांग्रेस प्रत्याशी ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमां, इमलिया, मवैया, महेड़, रगौली क्षेत्र में जनसंपर्क कर आमजनों से कांग्रेस को जिताने की अपील की।

बाबा साहेब की प्रतिमा से चोरी लेकर अहिरवार समाज ने सौंपा ज्ञापन

- चोरों का जल्द पता करने और गिरफ्तार कर कार्यवाही करने की मांग

घुवारा, देशबन्धु। नगर घुवारा के कॉलेज तिराहे पर स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के नीचे बने चबूतरे पर लगे ग्रेनाइट पत्थरों में से तीन ग्रेनाइट पत्थर और स्टील ग्रेल में से एक पाईप को विगत शनिवार रात्रि के दरमियान अज्ञात चोरों के द्वारा उखाड़ कर ले जाने की बात सामने आई है।उक्त घटना की जानकारी रविवार की सुबह जब लगी जब पास में ही रहने वाले स्थानीय लोगों के द्वारा देखा गया कि उक्त सामग्री यथा स्थान से गायब है।घटना के संबंध में जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। जिसमें पुलिस उपथाना प्रभारी वीरेंद्र परस्ते अपने पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे लोगों से पूंछतांछ करने के बाद पास में ही स्थित श्री गणेश प्रसाद वर्णी कॉलेज में लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज खंगाली लेकिन जिस तरफ यह वाक्या हुआ उस तरफ सीसीटीवी कैमरा नहीं होने से चोरों का सुराग नहीं लग सका।वहीं इस घटना की जानकारी लगते ही आसपास और क्षेत्र के अहिरवार समुदाय के लोग एकत्रित हुए और घटना की घोर निन्दा करते हुए ज्ञापन तैयार कर नगर के पुलिस उपथाना प्रभारी वीरेंद्र परस्ते को एवं घुवारा तहसीलदार ऋतु सिंघई दिया गया।इस मौके पर अहिरवार समुदाय के समाजसेवी एवं वरिष्ठ जनों ने तहसीदार महोदया एवं चौकी प्रभारी से चोरों का जल्द सुराग लगाने के साथ गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की साथ ही बाबा साहेब की प्रतिमा के पास बने चबूतरे पर शाम होते ही असामाजिक तत्वों एवं शराबियों का जमावड़ा आए दिन लगा रहता है।जो मर्यादा को भंग करते हुए आसपास गंदगी फैलाते है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाए।वहीं इस संबंध में तहसीलदार ऋतु सिंघई ने और चौकी प्रभारी वीरेंद्र परस्ते ने समस्त समुदाय के लोगों को आश्वाषित करते आरोपियों का सुराग लगाकर सख्त कार्यवाही किए जाने की बात कही।

वहीं इस मौके पर समाज के माते बोटू माते, लखन लाल अहिरवार, रमेश नेता, धीरज, समाजसेवी गोकुल प्रसाद, राकेश कुमार, आकाश, मनीष सम्राट, सूरज, विजय, अशोक, ओम प्रकाश, ब्रजेंद्र, रामकिशोर, वीरेंद्र बमनौरा, सुमित के आलावा आधा सैकड़ा से भी अधिक अहिरवार समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

खजुराहो में हुआ अंजुमन सदर का चुनाव

छतरपुर, देशबन्धु। खजुराहो में मंजूर नगर की जुमा मस्जिद में छतरपुर अंजुमन सदर जावेद अली और कमेटी की देखरेख में अंजुमन सदर का चुनाव संपन्न कराया गया। कमेटी की देखरेख में मतगणना की गई। चुनाव में शेख बहादुर और शेख रमजान दो प्रत्याशी खड़े हुए थे दिन भर चली वोटिंग में कुल 444 मत डाले गए जिसमे 210 मत प्राप्त करके शेख बहादुर दूसरे स्थान पर 228 मत प्राप्त करके शेख रमजान विजयी हुए। सदर अंजुमन जावेद अली द्वारा जीते प्रत्याशी शेख रमजान को विजेता का प्रमाण पत्र दिया गया। सभी लोगो ने उन्हें मुबारकबाद दी। जावेद अली ने उन्हें कोम के हित में और कोम को साथ लेकर चलने की सलाह दी। इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के रफत खान, शरीफ खान, शब्बीर खान, जावेद खान, फरहान खान और खजुराहो के समस्त मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

सीनियर क्रिकेट टीम का चयन 31 अक्टूबर को

छतरपुर, देशबन्धु। जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर क्रिकेट टीम का चयन 31 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे से साईं स्पोर्ट्स एकेडमी क्रिकेट ग्राउंड पर किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि सभी खिलाड़ी अपने साथ ओरिजिनल डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड एवं पिछले लगातार तीन वर्षों की अंकसूची के ओरिजिनल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति अपने साथ लेकर उपस्थित होंगे। सभी खिलाड़ी सफेद ड्रेस में अपनी किट के साथ समय पर उपस्थित हो।

पति से विवाद तो पत्नी ने खाई नींद की गोली

छतरपुर, देशबन्धु। बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत बमीठा की रहने वाली चंदा रैकवार पत्नि हीरालाल रैकवार 45 वर्ष ने पति से विवाद होने पर नींद की गोलियों का सेवन कर लिया। जब इसकी खबर पति सहित घर के अन्य परिजनों को लगी तो वे आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लाए जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नि में किसी बात को लेकर मामूली विवाद हुआ था जिसके चलते चंदा रैकवार ने नींद की दवा का सेवन कर लिया था।

बाईक सवार युवक को बोरिंग मशीन के ड्राईवर ने मारी जोरदार टक्कर, घायल

छतरपुर, देशबन्धु। सटई थाना क्षेत्र के ग्राम कसार तिराहा पर बाईक से जा रहे युवक को बोरिंग मशीन के ड्राईवर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक सटई थाना क्षेत्र के ग्राम कसार का रहने वाला धर्मदास पिता काशीराम रैकवार उम्र 32 वर्ष शनिवार शाम करीब 5 बजे सटई से अपने घर कसार जा रहा था तभी कसार तिराहा पर बोरिंग मशीन के ड्राईवर ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों एवं डायल 100 की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सटई लाया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

आचार्यश्री विद्या सागर जी का शरद पूर्णिमा पर धूमधाम से मनाया गया अवतरण दिवस

अपराध से जीवन में आती है तबाही : मुनिश्री

- जेल में कैदियों ने मुनिश्री से व्यसन एवं मांसाहार छोडने की ली प्रतिज्ञा

छतरपुर, देशबन्धु। पूज्य आचार्यश्री आर्जव सागर के शिष्य मुनिश्री विलोक सागर एवं मुनिश्री विबोध सागर के सानिध्य में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का 78वां अवतरण दिवस बड़े उल्लास से मनाया गया। इस खास अवसर पर नगर की जैन समाज ने विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। जेल में मुनिश्री के प्रेरक प्रवचन सुनकर कैदियों ने व्यसन और मांसाहार छोडने की प्रतिज्ञा ली

जैन समाज के डा सुमति प्रकाश जैन के मुताबिक ब्रह्मचारी नवीन भैया जबलपुर के निर्देशन में जैन मंदिर में सुबह साढ़े छह बजे से ही अभिषेक शांति धारा हुई। इसके बाद आचार्यश्री की पूजन सभी महिला मंडलो, बालिका मंडल, युवा मंडल एवं समस्त जैन समाज द्वारा किया गया। इसके साथ ही आचार्य छत्तीसी विधान समस्त श्रावकों ने बड़ी भक्तिभाव और संगीतमय वातावरण में किया।

सहमंत्री अजित जैन ने बताया कि इसी दिन दोपहर 3 से मुनिश्री विलोक सागर , मुनिश्री विबोध सागर के सानिध्य एवं ब्रह्मचारी नवीन भैया के निर्देशन तथा संचालन में जेल में प्रवचन हुए। अपने प्रवचन में मुनिश्री विलोक सागर ने कहा कि नर से नारायण बनने का मार्ग अपराध नहीं है। अपराध से मुक्त होना है अपराध से जीवन में तबाही आती है। जेल में रहकर भी रावण नहीं राम बना जा सकता है। राम बनकर ही बुराई रूपी रावण को जीता जा सकता है क्योंकि असत्य पर ही सत्य की विजय होती है। पामर ही तो परमात्मा बनता है। जेल के कैदियों ने प्रवचन के बाद मुनश्री से हाथ उठा कर प्रतिज्ञा ली कि वे अब कभी सिगरेट, बीड़ी, जुआ, शराब ,मांस आदि का सेवन नहीं करेंगे। जेलर राम शिरोमणि पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अरविंद जैन एडीजे, महेंद्र रावत न्यायाधीश, हेमंत कुशवाह डीएलओ, उमेश सिंह शिक्षक, राजाराम कॉल, सुयोग अवस्थी सरकारी वकील का सम्मान सकल जैन समाज ने किया। जैन समाज द्वारा सभी कैदी भाइयों को मिठाइयां एवं फल वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी नवीन भइया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी दादा ज्ञानचंद्र जैन, अध्यक्ष अरुण कुमार जैन, उपाध्यक्ष अजय फटा रितेश जैन, महामंत्री सुदेश जैन सहमंत्री अजित जैन , कोषाध्यक्ष जितेंद्र जैन, प्रमोद सेठ, डेरा पहाड़ी मंत्री आरके जैन, संजीव बसाल विजय जैन आदि श्रद्धालुजन, महिलाएं, युवाजन और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सागर, सोमवार 30 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. माया राम सुरजन

70 घंटे काम की निष्ठुर सलाह

प्रसिद्ध आईटी कम्पनी इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति भारत के सफलतम व्यवसायियों में से एक है जिन्हें ऐसा स्वप्नदृष्टा और महत्वाकांक्षी कारोबारी कहा जाता है जिन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है। उनकी और इन्फोसिस की कामयाबी की कथाएं आधुनिक प्रबन्धन के पाठों के रूप में दर्ज हैं। वैसे तो उन्हें एक उदार मालिक के रूप में समझा जाता था लेकिन उन्होंने यह कहकर अपना और समस्त भारतीय उद्योग जगत का क्रूर व शोषक चेहरा सामने ला दिया है, जिसमें वे कहते हैं कि चीन से मुकाबला करने के लिये हर युवा को सप्ताह में 70 घंटे काम अवश्य करना चाहिये। यह परामर्श उन्होंने इंफोसिस के ही एक पूर्व सीएफओ मोहनदास पई से एक यूट्यूब शो पर बातचीत के दौरान दिया। कई कारोबारियों ने इसका समर्थन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे भी उद्यमी व प्रबन्धन सलाहकार हैं जिन्होंने इसे अमानवीय करार देते हुए इसका विरोध किया है।

नारायण मूर्ति की यह सलाह इसलिये हैरान कर देने वाली है क्योंकि वह आधुनिक कार्य संस्कृति के विरूद्ध है। उनकी सलाह ऐसे समय में आई है जबकि विश्व भर में कर्मचारियों पर से काम का बोझ घटाने तथा उन्हें अपने व परिवारजनों के साथ समय बिताने के लिये अधिक प्रेरित किया जा रहा है। अधिकतम काम लेना मध्ययुगीन सोच है। पहले जब श्रम कानून नहीं बने थे और कामगारों के अधिकारों की सोच विकसित नहीं हुई थी, अधिकतम उत्पादन लेने के लिये उनसे कसकर काम लिया जाता था। वे लगभग गुलामी के हालात थे। जैसे-जैसे प्रबन्धन अधिक वैज्ञानिक एवं मानवीय होता गया और नई शोधें सामने आईं, यह पाया गया कि संतुष्ट कर्मचारी अधिक उत्पादन करता है। तभी से लोगों के काम के घंटे घटाये जाने लगे, उन्हें कार्य स्थल से बाहर सुविधाएं दी जाने लगीं। आज आदर्श कार्य पद्धति (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रेक्टिसेस- एसओपी) कर्मचारियों को निचोड़ने में नहीं वरन उन्हें बेहतर वातावरण प्रदान करने में भरोसा करती है। तीसरी दुनिया के ज्यादातर और तानाशाही शासन प्रणाली वाले देशों को छोड़ दिया जाये तो लोगों से दुनिया में कहीं भी इतना काम लेने की परम्परा नहीं है और न ही नियम हैं। डेनमार्क, आस्ट्रिया, नार्वे, फिनलैंड जैसे देशों में अधिकतम 31 घंटे काम लिया जाता है और वे सबसे अधिक उत्पादकता वाले देश हैं। वहां सप्ताह में 5 दिन ही काम करने का रिवाज है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा तथा यूरोपीय देशों में भी अधिकतम 41 घंटों का चलन है। इन देशों में भी उत्पादकता की दर बहुत ऊंची है।

इसके विपरीत भारत समेत तृतीय विश्व कहलाने वाले एशियाई, अफ्रीकी, लातिन अमेरिकी के ज्यादातर देशों के औद्योगिक एवं कारोबारी प्रतिष्ठान कर्मचारियों से निष्ठुरतापूर्वक काम लेते हैं। उनके वेतनमान विकसित देशों की तुलना में बहुत कम हैं। अन्य सुविधाएं भी न्यूनतम हैं। संगठित क्षेत्र में तो फिर भी उन्हें ठीक-ठाक तनख्वाह एवं अन्य सुविधाएं मिलती हैं लेकिन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मानव संसाधन का एक तरह से कोई माई-बाप ही नहीं है। फिर, ठेका कम्पनियों में और भी बुरा हाल होता है। गिनती के उद्योग-धंधों में श्रमिकों के कल्याण पर ध्यान दिया जाता है। उन्हें बहुत कम वेतन में और कानूनी रूप से तयशुदा काम के घंटों से अधिक समयावधि तक काम करना होता है।

नारायण मूर्ति की सलाह एक ऐसे व्यक्ति के विचार हैं जो खुद के तथा अपने वर्ग के लोगों के लिये लाभ के नये तरीके ढूंढ़ रहा है। वह भी कम खर्च में। उनकी सलाह अगर मान ली जाये तो साप्ताहिक अवकाश को छोड़कर छह दिन हर कर्मचारी-मजदूर को करीब 12 (11.66) घंटे काम करना होगा। भारत के निजी क्षेत्र में अमूमन 6 दिन का ही कार्य-सप्ताह होता है। कहीं-कहीं ही 5 दिन का है। सम्भवत: नारायण मूर्ति को यह गलतफहमी है कि भारत के हर व्यक्ति के पास उनकी तरह नौकर-चाकरों की फौज है। ज्यादातर बड़े शहरों में, खासकर जहां बड़े आईटी हब हैं, काम की जगह तक आने-जाने के लिये औसतन तीन-चार घंटे लग जाते हैं। ये केन्द्र बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, गुड़गांव आदि शहरों में हैं जहां अधिकतर कर्मचारी 25-50 किलोमीटर की यात्रा कर काम के स्थान पर पहुंचता है और उन्हें घरों को लौटने में उतना ही समय लगता है। कोई भी सहज ही यह हिसाब लगा सकता है कि 11-12 घंटे काम करने के लिये कर्मचारियों को कितने बजे सुबह घर से निकलना होगा और वे कितने बजे काम खत्म कर अपने घरों को पहुंचेंगे। क्या इसके बाद उनके पास अपने परिवारजनों के लिये कोई समय बच पायेगा? इंसान के पास उसके सैकड़ों तरह के निजी काम होते हैं। अगर उनके घरों में निजी कामों को निपटाने के लिये और कोई नहीं है तो वे ये काम कैसे कर सकेंगे? मां-बाप की देखरेख से लेकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सम्बन्धी काम भी उनकी जिम्मेदारियों के हिस्से हैं।

फिर, नारायण मूर्ति ने इस सलाह को राष्ट्रवाद से जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने 70 घंटे काम करना चीन से मुकाबला करने के लिये ज़रूरी बताया है। लोगों को उकसाकर उनसे अधिक काम लेने का प्रयास उद्योगों एवं व्यवसायों के लिये कम पैसों में अधिक काम के घंटे निर्मित करना है। भला देश की आम जनता को चीन से स्पर्धा किसलिये करनी है? इससे उसे क्या लाभ होगा, यह समझ से परे है। दरअसल नारायण मूर्ति भारत के क्रूर नियोक्ताओं के प्रतिनिधि की भाषा बोल रहे हैं जिनका जनकल्याण से कोई वास्ता नहीं है। अमेरिका में व्यवसाय जगत अपने लाभ का करीब 9 फीसदी लोककल्याण (सीएसआर) के लिये खर्च करता है, जबकि भारत में यह केवल 4 प्रतिशत है। नारायण मूर्ति उन्हीं के नुमाईंदे हैं।

प्रयोग के लिए प्रयोग राजनीति में नुकसानदायक

हिन्दी बेल्ट जहां की जीत हार ही 2004 के लोकसभा चुनाव का माहौल बनाएगी वहां सबसे पहले छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण का। वहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मतदान के ठीक पहले एक बड़ा जायज सवाल उठाया है। नोटा को खत्म करने का।

बहुत सही मांग है। हालांकि ठीक मतदान से पहले इसे उठाने से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। यह सरकार में रहते हुए, केन्द्र सरकार में खत्म करने का काम है। मगर विडंबना यह है कि इसे लाया ही यूपीए सरकार के द्वारा था। और यह भी मजेदार है कि सबसे पहले इसे लागू भी छत्तीसगढ़ में किया गया था। 2009 में।

दरअसल भारत के अधिकांश चुनाव सुधार अति आदर्शात्मक और अव्यवहारिक सोच के शिकार रहे। सबसे पहले शेषन ने बिना यह सोचे कि भारत में लोकतंत्र गरीबों का है वाल राइटिंग (दीवारों पर लिखने) झंडे बैनर, नारों, जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने, नियंत्रित करने का काम किया। जाहिर है कि वह उस समय की सरकार, जो नरसिम्हा राव की थी, के बिना अनुमोदन के नहीं हुए। उनके अच्छे पक्ष भी हैं। मगर गरीबों के चुनाव लड़ने के जो मुख्य साधन होते थे दीवारों पर खुद रात-रात भर लिखना। छोटे-छोटे झंडे बैनर लगा देना वह सब बंद हो गया।

चुनावों का वह सबसे खूबसूरत पहलू था। आज भाजपा के पास बहुत पैसा साधन हैं। मगर पहले उसके उम्मीदवार भी प्रचार के परंपरागत साधनों दीवारों पर लिखने झंडा बैनर लगाने पर निर्भर थे। ऐसे ही लेफ्ट पार्टियां। उनके पास और कम साधन हुआ करते थे। मगर शहर गांव की दीवारें रंगते हुए वे लड़ते और जीतते भी थे। आज भी पुराने मोहल्लों में दूरदराज के गांवों के खंडहरों की दीवारों पर पुराने नारे, चुनाव चिन्ह और प्रत्याशियों के नाम लिखे दिख जाएंगे।

आज तो चुनाव मीडिया लड़ाता है। और वह केवल एक पार्टी के साथ है। बाकी दलों और प्रत्याशियों के पास क्या है? कैसे प्रचार करें वे अपना?

चुनाव सुधार के नाम पर दूसरा बड़ा काम ईवीएम लाना हुआ। यह 2004 से पूरी तरह शुरु हुआ। इसका भी अब कांग्रेस खुल कर विरोध कर रही है। मगर लाने वाली वही थी। दुनिया के विकसित देशों में इस पर प्रतिबंध लगा हुआ है। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी जैसे प्रमुख देशों में। भारत के अलावा मशीन पर मतदान केवल 2 -4 छोटे देशों में ही हो रहा है।

बिना सोचे समझे इस तरह के प्रयोग भाजपा नहीं करती है। वह इलेक्टोरल बांड लाती है। जिसका फायदा उसे ही होता है। जबकि कांग्रेस के लाए नोटा, ईवीएम, आरटीआई, अपने अग्रिम संगठनों यूथ कांग्रेस एनएसयूआई में आन्तरिक चुनाव, अभी विधानसभा चुनावों के टिकट सर्वे के आधार पर देना विवादों में आ जाते हैं। और खुद उसके लिए लाभदायक नहीं होते।

पहले समाज को नए विचारों के लिए ढालने की प्रक्रिया शुरू करना पड़ती है। जनता के थोड़ा तैयार होने और अनुकूल व्यवस्था बनने के बाद लाया कोई जनहितकारी कानून ही उपयोगी हो पाता है। केवल किताबी सिद्धांत से लाया कानून नहीं। आरटीआई यूपीए लाई और यूपीए के खिलाफ ही इसका खूब उपयोग हुआ। कई आरटीआई एक्टिविस्ट बन गए। देश में और बाहर खूब प्रचार ले लिया। पुरस्कार और अन्य लाभ भी। मगर 2014 के बाद आरटीआई और आरटीआई एक्टिविस्ट कहां हैं? सरकार के खिलाफ तो कोई पूछ नहीं सकता। और पूछता है तो जवाब आता नहीं है। पीछे से कोई धमकी या चेतावनी जरूर आ जाती है। बड़े आन्दोलनजीवी, क्रान्तिकारी बन रहे हैं!

इसी तरह एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस का संगठन चुनाव के जरिए करवाने का राहुल गांधी का फैसला है। वे जब 2007 में कांग्रेस महासचिव बने और इन अग्रिम संगठनों का प्रभार मिला तब से उन्होंने इन दोनों संगठनों के आन्तरिक चुनाव करवाना शुरू किए। इसमें भी समस्या यह है कि जो ताकतवर पृष्ठभूमि से आए हुए लड़के या लड़कियां हैं उन्हें इसका और ज्यादा फायदा मिला। गरीब का कमजोर पृष्ठभूमि से आया लड़का या लड़की आन्तरिक चुनाव कैसे लड़ेगा? लड़ ही नहीं पाता है।

कालेज यूनिवर्सिटी में जाते ही खासतौर से एडमिशन के समय जुलाई-अगस्त में लड़के -लड़कियों की भीड़ में नेतृत्व क्षमता रखने वाले अलग ही नजर आ जाते हैं। ऐसे ही किसी भी पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में आने वाले युवाओं में से युवा नेतृत्व अलग ही दिखने लगता है। राजीव गांधी ने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए थे। इन्दिरा गांधी एक नजर में प्रतिभाशाली लोगों को पहचान जाती थीं। भाजपा में आडवानी बहुत पारखी थे। सबसे ज्यादा नेता उन्होंने बनाए हैं। यह अलग बात है कि आज के उनके शिष्य ने उनका ही अंगूठा मांग लिया! गुरु आडवानी को उनके प्रतिद्वन्दी वाजपेयी इतना नुकसान नहीं पहुंचा पाए जितना शिष्य ने पहुंचा दिया। 2014 में वाजपेयी स्वस्थ और प्रभावी होते तो आडवनी को राष्ट्रपति तो जरूर बनवाते। मगर मोदीजी ने उन्हें उपराष्ट्रपति भी नहीं बनाया। 2017 में आडवानी को उम्मीद थी कि उन्हें गुरु दक्षिणा के रूप में राष्ट्रपति नहीं तो उपराष्ट्रपति तो जरूर बना दिया जाएगा। मगर 2019 में उनको लोकसभा का टिकट भी नहीं दिया गया। खैर यह अलग मुद्दा है। मगर नेता बनाने में जिन लोगों का नाम सबसे ऊपर आएगा उनमें इन्दिरा गांधी और लालकृष्ण आडवानी हैं। दोनों प्रतिभाओं को पहचानने वाले, तराशने वाले और मौका देने वाले नेता निर्माता रहे। आज कोई किसी को नहीं बनाता है। तो बात हो रही थी प्रयोग के लिए प्रयोग की। किताबी उसूलों की। अति आदर्शवाद से निकले तरीकों की। कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनावों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी। हर विधानसभा क्षेत्र में तीन सर्वे करवाए गए। जाहिर है प्राइवेट कंपनियों से। तो इसमें भी वही हुआ कि जो प्रभावशाली थे वे हर बार अपना नाम ऊपर रखवाने में सफल हुए। सर्वे गोपनीय था। और सही में बहुत मेहनत करने वाले जनता के काम करवाने वाले कमजोर, आर्थिक स्थिति के उम्मीदवार के लिए वह गोपनीय ही रहा। सर्वे टीम कब आई चली गई उसे पता ही नहीं चला। मगर हर बार टिकट लेने में सफल होने वालों ने उन्हें सेटल भी कर लिया।

समस्या यह है कि आज नेता कार्यकर्ताओं से ही नहीं मिलते हैं तो जनता के बीच तो संपर्क होने का तो सवाल ही नहीं है। पहले पत्रकारों के भी जनता से सीधा संपर्क होता था। नेता उनसे भी फीडबैक ले लेते थे। मगर आज पत्रकार जो बताया जाता है लिख देते हैं। जनता के बीच जाते ही नहीं हैं। पहले नेता हर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, जनता के तमाम लोगों और वहां के काम करने वाले नेताओं को अच्छी तरह जानता था। मगर अब संपर्क संबंध की राजनीति खत्म हो रही है। और जाहिर है इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस को हो रहा है। क्योंकि भाजपा में तो आरएसएस के माध्यम से एक पुल है। जो नेता कार्यकर्ता और जनता को जोड़ता है। मगर कांग्रेस में बहुत गैप पैदा हो गया है।

राहुल प्रियंका ने कार्यकर्ताओं से मिलने का सिस्टम नहीं बनाया। फिर जनता से तो सवाल ही नहीं। यह जनसभाओं में जाना या यात्रा से वह भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास नहीं आता जो कार्यकर्ता या जनता के नेता से उसके आफिस या घर पर मिलने से आता है। खरगे जी को भी एक साल हो गया। मगर मुलाकातों का सिलसिला उन्होंने भी शुरू नहीं किया।

कांग्रेस ने एक काम और किया कि अपने मुख्यालय से अलग एक वार रूम बना लिया। सब गतिविधियां वहीं होने लगीं। मगर वहां कार्यकर्ता, जनता, पत्रकार का प्रवेश वर्जित है। इससे 24 अकबर रोड के मुख्यालय का महत्व खत्म हो गया। यह ऐतिहासिक जगह है जहां इन्दिरा गांधी को 1977 में हारने के बाद कांग्रेस का आफिस लेकर आना पड़ा था। और फिर यहीं से उन्होंने ग्रेट वापसी की थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

शकील अख्तर

बात हो रही थी प्रयोग के लिए प्रयोग की। किताबी उसूलों की। अति आदर्शवाद से निकले तरीकों की। कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनावों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी। हर विधानसभा क्षेत्र में तीन सर्वे करवाए गए। जाहिर है प्राइवेट कंपनियों से। तो इसमें भी वही हुआ कि जो प्रभावशाली थे वे हर बार अपना नाम ऊपर रखवाने में सफल हुए। सर्वे गोपनीय था।

संघ ने मध्यप्रदेश में संभाली अनेक निर्वाचन क्षेत्रों की कमान

जैसे-जैसे चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक दल एक-दूसरे के खिलाफ अधिक से अधिक अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा कांग्रेस नेताओं को रावण कहती है, कांग्रेस भी उसी तरह भुगतान करती है। स्थानीय स्तर पर स्थिति सबसे खराब है।

इस बीच भाजपा के प्रचार को कुछ कमजोर पाते हुए आरएसएस ने भाजपा के लिए दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों की कमान अपने हाथ में ले ली है और अपने सारे संसाधन वहां झोंक दिये हैं। आरएसएस के सदस्य घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और छोटी-छोटी बैठकें कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। क्योंकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है, आरएसएस जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम करेगा।

इन सीटों पर आरएसएस से जुड़े कुछ उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं। यही कारण है कि आरएसएस के सदस्य सक्रिय हो गये हैं। आरएसएस भोपाल दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में भगवानदास सबनानी, भोपाल मध्य में ध्रुवनारायण सिंह, बेरेसिया में विष्णु खत्री और भोपाल उत्तर में आलोक शर्मा के लिए काम कर रहे हैं।

एल एस हरदेनिया

संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं। इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए एमपी-सीजी आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी 'लोक जागरण 2023' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

इनके अलावा मधु वर्मा (राऊ), उषा ठाकुर (महू), हेमंत खंडेलवाल (बैतूल), प्रेमशंकर वर्मा (सिवनी मालवा), चिंतामणि मालवीय (आलोट), मोहन शर्मा (नरसिंहगढ़), अरविंद पटेरिया (राजनगर),राकेश सिंह (जबलपुर पश्चिम), गणेश सिंह (सतना), श्याम व्रदे (पानसेमल), शैलेन्द्र जैन (सागर), योगेश पंडाग्रे (आमला), मोहन यादव (उज्जैन दक्षिण), लाल सिंह आर्य (गोहद), विजय आनंदरावी (बिछिया), राजकुमार कर्रये (लांजी), प्रकाश उइके (पांडुर्णा) और देवेन्द्र जैन (शिवपुरी)के लिए भी वे काम कर रहे हैं।

हालांकि आरएसएस और उसके संगठन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के लिए काम करते हैं, लेकिन वे हर चुनाव में सीधे कुछ सीटों की कमान अपने हाथ में ले लेते हैं। पिछले चुनाव में भी आरएसएस ने सीधे तौर पर महू और अन्य सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम किया था। इसलिए, संगठन ने वही कवायद शुरू कर दी है, लेकिन वह आगामी चुनाव पर पहले की तुलना में अधिक ध्यान दे रहा है।

संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं।

इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए एमपी-सीजी आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी 'लोक जागरण 2023' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने इस संबंध में उज्जैन के एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान में आरएसएस और उसके फ्रंटल संगठनों के 150 से अधिक पदाधिकारियों की एक मैराथन बैठक बुलाई थी।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में किसी भी भाजपा नेता को आमंत्रित नहीं किया गया था और जब एक कैबिनेट मंत्री और उज्जैन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तो उन्हें विनम्रतापूर्वक वापस जाने के लिए कहा गया।

बैठक में, सोहनी ने कथित तौर पर उपस्थित लोगों से कहा कि उन्हें उन उम्मीदवारों के लिए काम करना चाहिए जो राष्ट्रवाद और हिंदू धर्म के समर्थक हैं और हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं। उन्होंने आगाह किया कि चयनित भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ बोलने के बजाय उन्हें ऐसे तरीके सुझाने चाहिए जिनसे वे भाजपा उम्मीदवारों के लिए सकारात्मक लहर पैदा कर सकें।

हालांकि बाद में, जब संघ परिवार के पदाधिकारी छोटे समूहों में मिले, तो उनमें से कई ने भाजपा द्वारा उज्जैन विभाग के तहत मैदान में उतारे गये एक कैबिनेट मंत्री, एक मौजूदा विधायक और एक पूर्व विधायक के खिलाफ शिकायत की, जिसमें उज्जैन और आगर-मालवा जिलों की विधानसभा सीटें शामिल हैं।

हाल में कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिन्होंने पार्टी नेतृत्व को चौंका दिया है। ऐसा ही एक घटनाक्रम उमा भारती का चुनाव प्रचार से दूर रहने का निर्णय है। उमा ने गुरुवार को ट्वीट किया कि वह अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो रही हैं, जहां से वह ओरछा जाकर राम राजा सरकार के दर्शन करेंगी और फिर हिमालय के लिए रवाना होंगी।

उन्होंने आगे ट्वीट किया कि वह राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लिए भगवान से प्रार्थना करेंगी। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर राज्य और केंद्र सरकार की भी आलोचना की। उमा के मुताबिक, धार के भोजशाला स्थित उनके निवास स्थान पर देवी सरस्वती की मूर्ति नहीं खरीदी जा सकी, जबकि राज्य में भाजपा की सरकार है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी के आश्वासन के बावजूद रायसेन में सोमेश्वर मंदिर और विदिशा में विजय मंदिर के दरवाजे नहीं खोले गये। उमा ने कहा कि वह इस बात पर विचार करेंगी कि भाजपा सरकार ने लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए क्या किया है। उन्होंने गौ संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नाखुशी जाहिर की। एक और आश्चर्य पेश किया भजापा के दिग्गज नेता गौरीशंकर बिसेन ने। उन्होंने अपने पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया, हालांकि पार्टी ने उनकी बेटी को टिकट दिया। उन्होंने मीडिया को बताया कि चूंकि उनकी बेटी मौसम की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उन्होंने कवर के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा ने बालाघाट से उम्मीदवार बदला है, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. हितेश बाजपेयी ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने डमी उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है और इससे ज्यादा कुछ नहीं।'

आज प्रकाश पर्व

ऐह मानस जनम दुर्लभ है नाम बिना बिरथा सब जाए

चौथे नानक गुरु रामदास जी आपका इस धरा पर आगमन 26 असोज संवत 1591 को चूना मंडी लाहौर में हुआ था। माता दया कौर और पिता श्री हरदास मल सोढ़ी के घर इनका जनम हुआ। आपके बचपन का नाम जेठा भाई था। बचपन में ही माता-पिता के देहांत के बाद आपका पालन पोषण बासर गांव में आपकी नानी के घर में हुआ। नानी आपको चने उबाल कर देतीं फेरी लगा कर बेचते इस तरह दोनों का उदर पोषण होता रहा। आप गुरु अमरदास के दरबार में कथा, कीर्तन श्रवण करते रहते। जब तीसरे नानक गुरु अमरदास गोइंदवाल साहिब में चले गए और वहां पर प्रचार के साथ साथ बावली साहिब का भी निर्माण कराने लगे। तब भाई जेठाजी भी गोइंदवाल साहिब निर्माण में सेवा करते। उनकी सेवा, नम्रता और हर प्रकार से योग्य समझकर गुरु अमरदासजी ने अपनी छोटी बेटी बीबी भाणी के साथ उनका विवाह कर दिया। एक दिन गुरु अमरदासजी स्नान कर रहे थे तब उनकी बेटी ने देखा कि जिस चौकी में उनके पिता बैठ कर स्नान कर रहे हैं उसका एक पाया हिल रहा था। अपने पिता के वृद्ध शरीर को तकलीफ न हो यह सोचकर अपना हाथ उस पाये के नीचे रख दिया। स्नान के बाद उनके पिता ने देखा बेटी भाणी के हाथ से खून निकल रहा है। चौकी को देखकर सारा माजरा समझ में आ गया। उन्होंने बेटी से वरदान मांगने कहा। तब बीबी भाणी जी ने कहा आप प्रसन्न हैं तो गुरु गद्दी घर में ही रहे। गुरुदेव ने कहा-ठीक है तब उन्होंने जेठा जी की कई प्रकार से परीक्षा लेकर अंत में उन्हें योग्य समझ कर इस संसार से विदा लेने से पहले चौथे नानक रामदासजी बना दिया। अमरदास जी चक का जो अब अमृतसर है अपने सिख धर्म का काफी प्रचार किया। गुरवाणी की रचना की जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है। गुरुदेव ने अहंकार को त्याग करने का ईश्वर की सेवा करने नेक कमाई कर दीनदुखियों की सेवा करने इत्यादि की शिक्षा दी। इस संसार से विदा ली।

गुरु रामदासजी अपने छोटे बेटे अर्जुन देव को गद्दी सौंपकर इस संसार से 46 वर्ष की आयु में विदा ली। आपकी रचित सारी वाणी में आज्ञा पालन समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से बिना सेवा भाव प्रभु सिमरन बंदगी इच्छापूर्वक सरब सुख दाता-हरि जाके बस है कामधेनु सो ऐसा।

हरि धिआइये मेरे जीओ।. तां सरब सुख पाबे।
जिनि ऐसा हरि नाम न सेवियो से काहे जग आए राम राजे।
ऐह मानस जनम दुर्लभ है नाम बिना बिरथा सब जाए।।
जिनके हिरदे नाम न बसिया तिन मात कीजै हरि बांझा।

लंगर प्रसादि के लिए दान देने हेतु प्रयास करने पर आपने बादशाह अकबर से कहा कि- लंगर एक व्यक्ति के दान से नहीं वरना समस्त साध संगत के तिल फुल मेहां से चलना चाहिए। भट कीरतजी ने आप के बारे में कुछ इस तरह लिखा है जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है।

हम अवगुण ऐक गुण नाहिं अमृत छांड़ि बिरवे बिख खांही।
माया मोह भरम बह भूले सुत दारा सिओं प्रीति लगाई।
इक अरदास भाट कीरत की गुरु रामदास राखहो सरणाई।

आपके द्वारा 678 शब्दों की रचना की गई है जो गुरु ग्रंथ साहिब में 30 रागों में दर्ज है। आज गुरुदेव के प्रकाश पर्व दिवस पर हम यह प्रण करें कि उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवनयापन करेंगे तभी हमारा यह प्रकाश पर्व मनाना सार्थक समझा जाएगा।

इंदर सिंह आहुजा

आपके पत्र

राजनैतिक चौपड़ पर बिछी गोटियां

राजस्थान में एक बार फिर प्रदेश में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस हर हाल में सीटों पर अपना कब्जा जमाने के लिए कांग्रेस ने अपवाद को छोड़कर पुराने चेहरों को ही तवज्जो दी है। कांग्रेस में जिनको टिकट नहीं मिला है उस विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष चिंतातुर हैं। भाजपा दूसरे टर्म की जीत की आशा रखकर जीतने वाले घोड़े पर ही दांव लगाया है। राजस्थान में कांग्रेस हाईकमान ने तीन सूची जारी कर टिकट आवंटित किए है। अभी चौथी बार की सूची जारी नहीं हुई है। इस सूची में अनेक नामों के खुलने की आशा रखे हुए है। भाजपा ने सूची जारी कर दी है लेकिन इसके पलट राजस्थान में हर मोर्चे पर शिकस्त देने की गरज से उनके उम्मीदवारो की टक्कर में अपने प्रत्याशी इस तरह से तय किये है कि यदि सीट न निकले तो न सही पर विपक्ष को न मिले। राजस्थान में दोनों ही पार्टी की परंपरागत सीटे है। जहां से भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और कांग्रेस के वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहले कई बार से जीतते आ रहे हैं। सीटों को कब्जे में बरकरार रखने के लिए भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा आसानी से इन सीटों को कांग्रेस की झोली में जाते हुए नहीं देखना चाहती। लिहाजा, पहले से घोषित उम्मीदवारों को ऐन वक्त पर बदलकर क्षेत्रीय गणित के हिसाब से नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। राजस्थान में गोगुन्दा विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासिया को टिकट आवंटन में लेटलतीफी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सिरदर्द बना हुआ है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आलाकमान से अपील की है कि डॉ मांगीलाल गरासिया को टिकट दिया जाए। अगर उनको टिकट नहीं मिलता है तो मांगीलाल को निर्दलीय उम्मीदवार खड़ा कर जीत दिलाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता और गोगुन्दा मंडल अध्यक्ष की सहमति आलाकमान के लिए सोचनीय विषय बन गया है। इस पर मंथन चल रहा है। इससे सीधा फायदा भाजपा को मिल रहा है। कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में बाज नजर रखे हुए भाजपा नेताओं को फायदा होता दिख रहा है। राजस्थान में दलित आदिवासी को एक मंच पर लाकर राजनैतिक जमीन तलाश रहे हैं। कांग्रेस का मानना है कि दलित आदिवासी एक ताकत के रूप में जुड़ेंगे तभी उनका राज होगा। राजस्थान में गोगुन्दा विधानसभा सीट पर गरासिया समाज और भील समाज को साधने के लिए कांग्रेस और भाजपा ने मिशन की शुरुआत कर दी है। दो टर्म से विधायक रहे प्रताप गमेती को इस बार उनको फिर से तीसरी टर्म के लिए टिकट दिया गया है। उनके कार्यकाल में विकास के कार्यो को सराहा गया। उदयपुर के आदिवासी बहुल क्षेत्र गोगुन्दा भाजपा का अब तक गढ़ बना हुआ है।

विधायक प्रताप गमेती को अपना हितैषी जताने की पुरजोर कोशिश की और लोगों के उत्थान की दिशा में किए गए अपने कार्यों की फेहरिस्त पेश की और सर्वे में प्रताप गमेती सबसे अग्रणी रहे। राजस्थान में राजनैतिक लाभ तलाशे जा रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा जीत का दावा कर रही है। राजस्थान में भाजपा वोटरों के दिमाग में यह बैठाने का प्रयास किया जा रहा है कि उनका आधार केवल राजस्थान तक ही नही है। देश में मजबूत सरकार के रूप में प्रतिष्ठित हुई है। देश में भाईचारे की मिसाल दी जा रही है। जनता के हित में किए गए और लिए गए निर्णयों को गिनाया जा रहा है। कांग्रेस अपनी प्रारम्परिक जनकल्याणकारी योजनाओं को चुनाव के रूप में देख रही है। प्रदेश में स्वतंत्र हैसियत बनाने के लिए दोनों दल सेंधमारी करता नजर आ रहा है। 25 नवम्बर को राजस्थान में चुनाव है। भाजपा और कांग्रेस चुनाव में कैसे प्रदर्शन कर पायेगी ? यह समय की बलिहारी है।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

सार समाचार

लायनेस क्लब ने मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव

गुना, देशबन्धु। लायनेस गुना शक्ति क्लब ने शहर के एक निजी होटल में शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया। इस दौरान के दौरान सदस्यों ने महारास का आयोजन किया, जिसमें डांडिया सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुतियां दी गईं।शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंजना सिंघल रहीं। इसके अलावा बीना अग्रवाल, दीप्ती, रीता जैन, गुना सिटी क्लब अध्यक्ष पूजा, सचिव नेहा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीमा परिहार ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि का स्वागत ऊषा विजयवर्गीय ने किया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि अग्रवाल और अनीता मित्तल ने किया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों के बच्चों द्वारा गणेश वंदना कर नृत्य का प्रदर्शन किया गया। शाखा सचिव अंतिमा बंसल ने बीते एक साल की परफोरमेन्स रिपोर्ट प्रस्तुत की। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अंजना सिंह ने साल 2024 के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया, जिसकी अध्यक्ष अनीता मित्तल होंगी। जबकि सचिव अंतिमा बंसल, कोषाध्यक्ष मीनू बंसल को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अंतिमा बंसल और स्वाति अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

आज चांचौड़ा आएंगे प्रहलाद पटेल

गुना, देशबन्धु। चांचौड़ा विधानसभा भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पेंची के समर्थन में रविवार सुबह 10.30 बजे मृगवास में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एक विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की आमसभा की तैयारियों का लेकर शनिवार को कार्यक्रम तैयारियों के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने मंडल मृगवास के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों के साथ चुनाव कार्यालय पर बैठक उपरांत हेलीपेड एवं आमसभा स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक चर्चा की गई। उक्त अवसर पर विधानसभा प्रभारी गोविंद सिंह राठी, विधानसभा संयोजक प्रदीप नाटानी, मंडल अध्यक्ष अरविंद महेश्वरी, भोला सोनी, हरज्ञान गुर्जर, कल्याण लोधा, राजेश साहू, ब्रजकिशोर छीरखेड़ा एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वाल्मिकी समाज ने निकाली शोभायात्रा

राघौगढ़, देशबन्धु। कस्बे में भगवान श्रीमहर्षि वाल्मीकी जी के जन्म उत्सव के अवसर पर वार्ड नं (1) वाल्मीकि मंदिर से विशाल शोभा यात्रा, बैंड बाजे, डीजे, ढोल के साथ वाल्मीकि समाज द्वारा निकली गई। इस दौरान नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मुय चौराहे पर विमान में विराजमान भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना आरती कर सभी समाज बंधुओ का कुमकुम तिलक लगाकर सभी समाज बंधुओं का फूल मालाओं से स्वागत किया। सर्व हिन्दू संगठन के अध्यक्ष गुलाब सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष श्याम ओझा, अखाड़े के उस्ताज शिव प्रसाद मेर, बनवारी सोनी, सुनील राजपूत, राकेश

ग्रामीणों को आए दिन परेशान करते है आरोपी

गोलीबारी से भयभीत परिवार ने पुलिस अधीक्षक से लगाई सुरक्षा की गुहार

गुना, देशबन्धु। धरनावदा थाना क्षेत्र के बीलाखेड़ी में 26 अक्टूबर को हुई गोलीबारी की घटना से भयभीत हुए पीड़ित के परिजनों ने गुना एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस घटना को लेकर धीरे-धीरे रंजिश की वजह भी सामने आ रही है। मामला आपसी विवाद के अलावा गांव की सरपंची से भी जुड़ा है। पीड़ित परिवार के परिजन विश्वनगर ग्राम पंचायत से सरपंच है, इसी पंचायत में बीलाखेड़ी गांव शामिल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को विश्वनगर ग्राम पंचायत की सरपंच कलाबाई पत्नि रामगोपाल अपने परिजनों के साथ एसपी विजय कुमार खत्री से मिलने पहुंचीं और बताया कि 26 अक्टूबर को उनके गांव में रहने वाले रामबाबू, एहसान सहित आधा दर्जन लोगों ने फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना में रामबाबू और आर्यमन पारदी घायल हुए थे। विश्वनगर की सरपंच कलाबाई का आरोप है कि फायरिंग करने वाले लोग असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हैं। वह पंचायत के ग्रामीणों को आए दिन परेशान करते हैं। आरोपियों की दहशत इतनी है कि महिला सरपंच होने की वजह से वह अपना कामकाज नहीं कर पा रही हैं। सरपंच कलाबाई ने रामबाबू पारदी, भारत पारदी, महेश, देवेंद्र, विशाल, दीपक और आजाद की नामजद शिकायत करते हुए बताया है कि आरोपियों ने खेत में पानी दे रहे युवकों पर अंधाधुंध फायर किए थे। गनीमत रही कि फायरिंग के दौरान दोनों युवक नीचे बैठ गए, अन्यथा कोई बड़ी वारदात भी हो सकती थी। सरपंच ने आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एसपी को बताया कि फायरिंग करने वाले लोग आए दिन पंचायत के काम में दखल दे रहे हैं। निर्माण कार्यों को प्रभावित करते हैं और पंचायत द्वारा विकास कार्यों के लिए मंगवाए गए मटेरियल को भी उठाकर ले जाते हैं।

विश्वनगर ग्राम पंचायत की सरपंच के मुताबिक फायरिंग की ताजा घटना के बाद ग्रामीणों के अलावा उन्हें भी डर लग रहा है कि आरोपी इससे भी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। इसलिए ग्राम पंचायत को सुरक्षाकर्मी मुहैया कराया जाए ताकि वह अपना कामकाज ठीक ढंग से कर पाएं।

तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाईकिल सवार युवक को रौंदा, हुई मौत

बेंहटा गांव के पास हुई घटना

गुना, देशबन्धु। गुना-अशोकनगर रोड पर बेंहटा गांव के पास अनियंत्रित ट्रक ने 28 वर्षीय युवक को रौंद दिया। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पगारा निवासी 28 वर्षीय संजीव अहिरवार शुक्रवार शाम बेंहटा से अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान अशोकनगर से गुना की तरफ जा रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक से टकराने के बाद बाइक दूर जा गिरी, जबकि संजीव ट्रक के साथ कई फीट तक घिसटता रहा। हालांकि दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और चालक को हिरासत में ले लिया और ट्रक जब्त कर कैंट थाने में रख दिया है। परिजनों के मुताबिक संजीव अहिरवार पगारा धागा फैक्ट्री में काम करता था। निराशाजनक तथ्य सामने आया है कि संजीव शुक्रवार को काम पर नहीं गया था, अगर वह ड्यूटी पर होता यह दुर्घटना टल सकती थी। संजीव अहिरवार विवाहित था और उसके दो बच्चे भी हैं। हालांकि संजीव की मौत के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचे उसके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कैंट पुलिस ने खानापूर्ति कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। लेकिन शनिवार दोपहर 12 बजे तक चिकित्सक पोस्टमार्टम करने नहीं पहुंचे। पुलिस कर्मचारी बार-बार डॉक्टर से सम्पर्क करते रहे, जिन्हें 10-15 मिनट इंतजार करने के लिए कई बार कहा गया। ऐसे में परिजनों का दुख और बढ़ गया।

भाजपा नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

गुना, देशबन्धु। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघौढ़ विधायक जयवर्धन सिंह की कार्यशैली और पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर बमौरी क्षेत्र के भाजपा केपदाधिकारियों ने शनिवार को राघौगढ़ में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल वत्स के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। पूर्व भाजपा नेताओं ने दावा किया कि उनके साथ क्षेत्र के एक सैंकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है तथा बमौरी में कांग्रेस प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल के लिये मेहनत करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभात सिंह पटेलिया एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष गोविंद सिंह पटेलिया ने बताया कि विगत काफी समय से हमारे क्षेत्र दुर्गापुर म्याना तथा आसपास के लोग भाजपा सरकार के क्रियाकलापों से परेशान थे। तथा भारतीय जनता पार्टी की विध्वंसात्मक कार्यशैली से वहां घुटन महसूस हो रही थी। तब आरोन के कांग्रेस नेता कल्याण सिंह बीकावत बारछा की प्रेरणा से हमारे क्षेत्र के समस्त लोगों ने जयवर्धन सिंह से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसका उन्होंने तत्काल निदान कराने के निर्देश सम्बंधित जन को दिए। पार्टी में शामिल होते समय आदिवासी नेताओ के साथ भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सरदार पटेलिया एवं जगदीश पटेलिया भी मौजूद थे।

फरार वारंटी गिरफ्तार

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा एक्सीडेंट मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के नअुसार सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा गुना कोतवाली के अप.क्र. 790/17 धारा 379, 337 भादवि व 39, 192, 146, 196(3) मोटर व्हीकल एक्ट एवं न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 6334/17 में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी अभिषेक पुत्र राजेश वाल्मीकि निवासी मथुरा नगर गुना के संबंध में शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

तथ्य और सत्य के आधार पर वोट करें : उपाध्याय

गुना, देशबन्धु। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर गुना विकास मंच और सिविल सोसायटी की गुरुवार को एक साझा मीटिंग स्थानीय हीरा बाग में सम्पन्न हुई। जिसमें गुना जिले में सक्रिय अनेक सामाजिक संस्थाएं, राजननीतिक दल, सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। एक साझा सहमति बनी कि जल्द ही एक अपील जारी होगी व विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। विषय प्रवर्तन करते हुए लोक अधिकार मंच के राजीव रंजन उपाध्याय ने कहा कि देश अपने वोट से आगामी 5 वर्ष के लिए अपने लिए 5 राज्यों में सरकार चुनने जा रहा है। सरकार बदलने का अवसर नागरिकों के हाथ में होगा, यह निर्णय का वक्त है। हम चाहते हैं लोग तथ्य और सत्य के आधार पर वोट करें।

भ्रष्टाचार विरोधी मंच के राकेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार का शासन आजादी के आदोलन के मूल्यों को नष्ट करने वाला, संवैधानिक संस्थाओं को समूल बदलने वाला, महा भ्रष्टाचार के घपले घोटालों पर चुप्पी साधने वाला रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के डॉ. शाहिद ने कहा कि इस दौर में राष्ट्रीय मीडिया को भोपू में बदल दिया गया है रोज नए नए झूठ परोस कर हमारी स्वतंत्र चेतना को दूषित किया जा रहा जनमत के बड़े हिस्से को गुमराह किया जा रहा है। सीपीआई के मनोहर मिरोठे ने मध्यप्रदेश में भाजपा के बीस साल के साशन को कुशासन बताया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, लघु उद्योग की बदहाली पर सवाल उठाए। भारत जोड़ो अभियान के डॉ. पुष्पराग शर्मा ने कहा कि बीजेपी से जुड़े नेताओं की भ्रष्टाचार से अर्जित आय का अनुमान लगाना मुश्किल है।

सागर अग्रवाल बने जेसीआई गुना पायोनियर के अध्यक्ष

गुना, देशबन्धु। जेसीआई गुना पायोनियर की चतुर्थ साधारण सभा का आयोजन एक निजी होटल में हुआ। सभा का प्रारंभ परंपरागत रूप से जेसी आस्थाओं के वाचन के साथ किया गया। वर्तमान अध्यक्ष मयंक अग्रेस द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्र में शानदार कार्य करने के लिए विभिन्न कोऑर्डिनेटर को सम्मानित

किया गया। जिसमें जैसी सप्ताह के सफल आयोजन के लिए चित्रांक अग्रवाल, निकित जैन एवं सुमित मथुरिया को सम्मानित किया गया। नीड ब्लड कॉल जैसीस के लिए सुमित अग्रवाल को, यश तायल को बर्थडे कोऑर्डिनेटर के लिए, जैसी अभिषेक अग्रवाल को एनिवर्सरी कोऑर्डिनेटर के क्षेत्र में शानदार कार्य के लिए सम्मानित किया। जैसी पुष्पेंद्र श्रीवास्तव जी को एनएलटीएस एग्जाम के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही पूरे सदन द्वारा डॉ विकास सोनी को प्रोविजनल जॉन ट्रेनर के रूप में चयनित होने पर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इसके बाद चुनाव अधिकारी वैभव टांटीया द्वारा जॉन की तर्ज पर चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई। जिसमें कैंडिडेट प्लेटफार्म एवं कोकस के बारे में बताया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा सागर अग्रवाल को वर्ष 2024 के लिए सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित अध्यक्ष घोषित किया गया। सागर अग्रवाल द्वारा आगामी वर्ष के लिए अपने विचार व्यक्त किए एवं संस्था को नया आयाम छूने का भरोसा दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा आगामी वर्ष के लिए सचिव पद पर यश तायल को चुना। साथ ही सदन ने सर्वसम्मति से जेसी नितिन शर्मा को जेसीआई पायोनियर क्रिकेट टीम का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष, मेंटोर, फाउंडर मेंबर एवं सदस्य उपस्थित रहे। अंत में आभार अंशुल तायल द्वारा दिया गया।

कांग्रेस प्रत्याशी ने ग्रामीण अंचल का किया दौरा, मांगे वोट

आष्टा, देशबन्धु। कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान अपने चुनावी जनसंपर्क को व्यवस्थित एवं आक्रामक तरीके से बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गुलाबी ठंड के चलते चुनावी गर्माहट तेज हो चुकी है। दिनों दिन कांग्रेस के नेता पदाधिकारी एवं समर्थकों में उत्साह और उमंग बढ़ता जा रहा है ।कांग्रेस उम्मीदवार जहां सुबह से ही ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क पर निकल जाते हैं तो उनके कार्यकर्ता उनसे पहले जनसंपर्क की अगवानी में तत पर नजर आ रहे हैं । कमल सिंह चौहान ने आष्टा विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारीपूर्व पदाधिकारी के साथ चुनाव कार्यालय में मंत्रणा की एवं व्यवस्थित तथा तथा नियमित जनसंपर्क बना रहे इस हेतु गांव-गांव में समर्थकों तक पहुंचा जा सके इसके लिए रणनीति तैयार की गई। कार्यालय में यह मंत्रणा दोपहर 12 बजे तक चलती रही तत्पश्चाप सभी नेता एवं समर्थकों ने इन ग्रामों का जनसंपर्क किया। भीमपुरा, नवरंगपुर, शंकरपुर, बमुलिया भाटी, भौरासा,अरनिया दाऊद,अरनिया राम, भटोनी,पांगरी छापर, देवली रहा।

जनसंपर्क में क्षेत्र के ताकतवर नेता बलवंत सिंह भगत जी पूर्व जनपद अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शोभा खेड़ी सावल सिंह मोगली नरेंद्र सिंह भाटी राजकुमार मालवीय पार्षद, कमल सेठ, गुलाब बाई ठाकुर,अजय ठाकुर युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, गोलू ठाकुर हाजीपुर हाजीपुर, धर्मेंद्र भाई राजकुमार नौगांव जगदीश द्रविड़ कार्यालय प्रभारी मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी ने किया ग्रामीण क्षेत्रो में जनसम्पर्क, बताई भाजपा की उपलब्धियां

आष्टा, देशबन्धु। भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर ने सिद्धिकगंज मंडल के विभिन्न ग्रामों में सघन जनसंपर्क किया एवं अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं विकास कार्यों की ग्रामीणों से चर्चा की सर्वप्रथम भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा ग्राम आरोलिया, लसुड़िया पार से जनसंपर्क की शुरुआत की। इसके बाद ग्राम खजुरिया कसम बालाखेड़ा नीलबड़ बांदरिया डाल होते हुए लाखीया गाजना कुरली ऊरली में जनसंपर्क कर उपस्थित ग्रामीण जनों को संबोधित किया। अपने भाषण में भाजपा प्रत्याशी गोपाल इंजीनियर ने कहा कि भाजपा सरकार ने विगत वर्षों में जो को विकास की गंगा बहाई है वह अविस्मरणीय है पहले की सरकार और अबकी सरकार में फर्क है लाड़ली लक्ष्मी योजना हो या लाड़ली बहना योजना सभी को सम्मान मिल रहा है किसानों को सम्मान निधी मिल रही हैं जन सम्पर्क यात्रा नांजी पुरा कोडक पुरा अमरपुरा गुराड़िया खुर्द आमला मंजू गुराड़िया कला पारदी खेड़ी में विश्राम किया इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू गुणवान सिद्धिकगंज मंडल अध्यक्ष प्रताप जाट जनपद सदस्य वीरेंद्र सिंह आष्टा मंडल अध्यक्ष सुनील परमार वीरेंद्र सिंह भाटी भाजयुमो जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर महामंत्री नरेंद्र सिंह तुलसी राम सेठ बाबूलाल सरपंच भेरू सिंह दरबार राम सिंह सरपंच धीरेंद्र सिंह ठाकुर यशपाल सिंह सवाई सिंह ठाकुर प्रदीप सिंह पटाडा आदि उपस्थित थे।

संतोषी माता मंदिर प्रांगण में 3 दिवसीय गरबे का शुभारंभ

आष्टा, देशबन्धु। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां संतोषी माता का भंडारा संपन्न हुआ एवं भारतीय संस्कृति आगे बढ़ते हुए एवं माता रानी की आराधना हेतु तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का शुभारंभमां अंबे के चित्र के समीप माल्या अर्पण कर दीपप्रज्वलित प्रेम नारायण शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर अखिल भारतीय कुशवाहा महिला महासभा उपाध्यक्ष श्रीमती गीता नरेंद्र कुशवाहा नवरत्न महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अनीता बबनराव माहडीक श्रीमती सोनू राहुल कुशवाहा श्रीमती आशा प्रकाश कुशवाहा श्रीमती उषा देवकरण कुशवाहा सभी अतिथिगणों ने गरबा महोत्सव प्रारंभ कराया माता रानी की वंदना के साथ छोटी-छोटी कन्याओं ने गरबा महोत्सव में भाग लिया वही एक रंग की ड्रेस में कपल गरबा भी किया गया । बड़ी संख्या में मातृशक्ति में गरबे में भाग लिया इस अवसर पर श्रीमती पार्वती बाई कुशवाहा श्रीमती अमरीबाई कुशवाहा श्रीमती यशोदा बाई कुशवाहा श्रीमती शांति देवी कुशवाहा श्रीमती सुनीता चोपड़ा । आभार नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने व्यक्त किया।

गदर करने से मना किया तो आरोपी ने की मारपीट

आष्टा, देशबन्धु। पार्वति थाना अंतर्गत इंदौर नाका शाह बाबा दरगाह के पास शोर करने से मना किया तो आरोपी ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि शाहजेब पिता अब्दुल करीम निवासी इंदौर नाका ने दरगाह के पास शोर करने से मना किया तो आरोपी फैजान पिता साजिद निवासी भोईपुरा ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया

दुर्घटना के बाद आरोपियों ने फरियादी को पीटा, मामला दर्ज

आष्टा, देशबन्धु। नगर थाना अंतर्गत तेज गति वाहन चलाकर टकरा दी। धीरे गाड़ी चलाने का कहने पर आरोपीयो ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि फरियादी बाबूलाल कुशवाह निवासी राठौर मंदिर के पास के लड़के धन्ना कुशवाह खडे थे तभी दो लड़के मोटरसाईकिल से आए और टक्कर मार दी। जब उनसे धीरे वाहन चलाने का कहा तो दोनो ने किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया फरियादी बाबूलाल कुशवाह एवं धन्नालाल को गंभीर चोट आई। जिसके कारण भोपाल रैफर किया गया है। पुलिस ने यश ठाकुर एवं अन्य के खिलाफ धारा 294,323, 324,506/34,279,194 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

इछावर में कांग्रेस प्रत्याशी पटेल को मिल रहा जनसमर्थन

भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाने चल रही परिवर्तन की लहर

इछावर, देशबन्धु। इस बार जनता भाजपा के कुशासन से छुटकारे के लिए प्रदेश में परिवर्तन की लहर लाने वाली है, इछावर में बुनियादी सुविधाओं को तरसने वाली क्षेत्र की जनता भी परिवर्तन के लिए कांग्रेस के साथ है।

यह विचार शनिवार को इछावर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने अपने जनसंपर्क के दौरान कहे। भाजपा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा ने पूरे प्रदेश को बर्बाद कर दिया। इसलिए क्षेत्र की जनता हमें समर्थन कर रही है। आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा में प्रदेश और क्षेत्र में परिवर्तन के लिए अपना मतदान करें।

शनिवार को कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक श्री पटेल ने अपने जनसंपर्क की शुरूआत विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालापुरा से की ओर उसके पश्चात बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ ग्राम हालियाखेड़ी, गोयलखेड़ी, घोंघी, परोलिया, बागनखेड़ा और बिजौरी आदि में पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने श्री पटेल का आत्मिय स्वागत किया। श्री पटेल ने कहा कि बीजेपी सरकार ने युवाओं को अंधकार में धकेला है, उनके भविष्य के साथ खिलवाड किया है। प्रदेश में बीजेपी के 18 साल शासन के दौरान अनेकों भर्तीयों में घोटाले हुए, व्यापम घोटाला, पटवारी परीक्षा घोटाला, शिक्षा भर्ती घोटाला, कृषि विभाग भर्ती घोटाला में अयोग्य लोगों को नौकरियां दी गई जबकि पढे लिखे और योग्य युवाओं के साथ धोखा किया गया।

भाजपा के पक्ष में चल रही बयार

सीहोर, देशबन्धु। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भाजपा की बयार बह रही है। ये बयार मतदान के समय आंधी में बदल जाएगी और कांग्रेस पत्ते की तरह निकल जाएगी। श्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा भारत माता की वैभवशाली स्वरूप की कामना करती है। जबकि कांग्रेसी हमेशा से तुष्टीकरण के हिमायती है पर भाजपा देश को और अपनी संस्कृति को महत्व देती है।

वह आज लीसा टाकीज पर आयोजित भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। गृहमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रत्याशी विधायक सुदेश राय ने आमसभा में कहा कि मैंने सेवा के भाव रखते हुए सीहोर विधानसभा में रिकार्ड विकास कार्य कराए है और पिछले दस वर्षों से आपकी सेवा करते आ रहा हूं। केन्द्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की योजनाओं को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं।

जनसभा के पहले रैली शहर के लीसा टाकीज चौराहे से निकाली गई थी, रैली में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सीहोर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी श्री राय के साथ शामिल हुए, रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लीसा टाकीज चौराहे पर मैदान पर पहुंची और जहां भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, भाजपा के युवा नेता सन्नी महाजन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य ने यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से भाजपा को विजय बनाने का संकल्प दिलाया।

कांग्रेस प्रत्याशी ने थाना प्रभारी खरगापुर के खिलाफ निर्वाचन आयोग को भेजी शिकायत

पलेरा, देशबन्धु। खरगापुर विधानसभा में आगामी 17 नवंबर को होने वाले चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर बूथ लूटे जाने की संभावना जताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने शिकायती आवेदन पत्र आयुक्त केंद्रीय निर्वाचन आयोग दिल्ली को भेजा है।

शिकायती आवेदन पत्र में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सिंह गौर ने उल्लेख किया है कि टीकमगढ़ जिले की खरगापुर विधानसभा में थाना खरगापुर में पदस्थ थाना प्रभारी मुकेश शाक्य के द्वारा निर्वाचन आयोग के नियमों के विरुद्ध खुलेआम भाजपा प्रत्याशी के बाहन में बैठकर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आम मतदाताओं के घर जाकर धमकाया जा रहा है। शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया है कि भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान न करने पर जेल में डाल देने एवं विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करने की धमकी थाना प्रभारी के द्वारा आम जनता को दी जा रही है। इसके साथ ही थाना प्रभारी मुकेश शाक्य के द्वारा भाजपा प्रत्याशी से लगातार मोबाइल फोन पर आगामी 17 नवंबर को मतदान कैसे प्रभावित करना हैए ऐसी पूरी रूपरेखा तैयार की जा रही है। कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती गौर ने उल्लेख किया है कि योजनाबद्ध तरीके से थाना प्रभारी मुकेश शाक्य भाजपा प्रत्याशी से मिलकर मतदान प्रभावित करने की फिराक में है। ऐसी स्थिति में निष्पक्ष मतदान की मांग करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने आयुक्त केंद्रीय निर्वाचन आयोग दिल्ली को शिकायती पत्र के माध्यम से तत्काल ही खरगापुर थाना प्रभारी मुकेश शाक्य को टीकमगढ़ जिले से बाहर पदस्थ किए जाने की मांग की है।

कांग्रेस नेता गोविंद सिंह ने चंदा गौर के समर्थन वोट करने की की अपील

टीकमगढ़। खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के समर्थन में मतदान करने की अपील करते हुए कांग्रेस नेता गोविंद ने सिंह गौर ने मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती में चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में अपराध और कमीशनखोरी के कारनामे जनता की जुबान पर हैं। चुनावी मौसम में घर से निकलकर वं जनता के बीच पहुंच रहे, लोगों को क्षेत्र की जनता इस बार सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति 5 साल गायब रहते हैं और चुनाव के समय में मतदाताओं को गुमराह करने के लिए उनके बीच पहुंच जाते हैं। गोविंद सिंह गौर ने कहा कि बीते 5 सालों में खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में किए गए कारनामों को लेकर जनता कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करते हुए भर्राशाही की व्यवस्थाओं का का मुंह तोड़ जवाब देगी। उन्होंने खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

पुलिस ने अवैध शराब जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा अवैध शराब विक्रय परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना देहात पुलिस शनिवार को मुखविर से सूचना प्राप्त हुई की, थाना देहात के ग्राम गोपालपुरा आम रोड पुलिया के नीचे एक व्यक्ति अवैध रुप से शराब की पेटियां रखे हुये है जो शराब की पेटियां कहीं ले जाने की फिराक में है।

मुखविर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताएं स्थान पर पहुंचे तो एक व्यक्ति गोपालपुरा पुलिया के नीचे पेटीयां रखे दिखा जो पुलिस को आता देख भागने का प्रयास करने लगा। जिसे हमाराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा व उससे नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कुलदीप यादव पिता जाहर सिह यादव उम्र 25 साल निवासी ग्राम शिवराजपुर थाना देहात का होना बताया, पुलिया के नीचे चेक किया जो 07 पेटियां देशी मदिरा प्लेन की मात्रा 63 लीटर कीमती 24 हजार 500 रुपया की रखी मिली जो उक्त शराब के संबंध मे दस्तावेज पूछने पर कुलदीप यादव द्वारा कोई भी दस्तावेज होना नही बताया जिसका अपराध धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत पाये जाने से मौके पर उक्त शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुध्द पूर्व से 09 अपराध एंव 06 प्रतिबंधात्मक कार्यवाहीयां विचाराधीन है एंव आरोपी का जिलावदर प्रकरण भी जिला मजिस्ट्रेट के यहां विचाराधीन है। आरोपी को रविवार जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी थाना देहात, उनिक्षक रामसेवक झां, प्रआरक्षक राहुल पटैरिया, आरक्षक मनोज नायक, अजय यादव, अवनीश पुरी, आरक्षक चालक कपिल शर्मा एंव एनआरएस मलखान की सराहनीय भूमिका रही।

खस्ताहाल होने लगी संग्रहालय की बिल्डिंग, बारिश का पानी भरने से छत और दीवारें हुई खराब

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले के एक मात्र पुरातत्व संग्रहालय की बिल्डिंग खस्ताहाल हो गई है। बारिश के चलते छत और दीवार खराब होने लगी है। जिससे प्राचीन प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचने लगा है। पुरातत्व विभाग की ओर से बिल्डिंग की रिपेयरिंग को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। जिले के साहित्यकारों और इतिहासकारों ने मामले को लेकर नाराजगी जताई है।दरअसल, जिले की ऐतिहासिक प्रतिमाओं को सहेजने के लिए करीब 100 साल पहले प्रयास शुरू किए गए थे। राजशाही दौर में इतिहासकारों और साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों ने जिले के अलग-अलग स्थान में बिखरी पड़ी प्रतिमाओं को एक स्थान पर रखने का प्रयास शुरू किया। सबसे पहले प्रतिमाओं को कुंडेश्वर के शिक्षा प्रशिक्षण केंद्र डाइट में रखा गया। इसके बाद शिव मंदिर के बगल में बनी प्राचीन कुंड कोठी में पुरातत्व संग्रहालय खोला गया। प्राचीन प्रतिमाओं की देखरेख का जिम्मा पुरातत्व विभाग को सौंपा गया। वर्तमान में संग्रहालय में 30 से ज्यादा प्राचीन प्रतिमाएं रखी हैं। इसके अलावा बड़ी मात्रा में खंडित प्रतिमाएं भी है। चूंकि कुंड कोठी का निर्माण राजशाही दौर में हुआ था। देखरेख के आभाव में अब बिल्डिंग जीर्ण शीर्ण होने लगी है। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकता है। इसके अलावा दीवारें भी खराब हो रही है। समाजसेवी सुरेश दौंदेरिया का कहना है कि समय रहते बिल्डिंग की रिपेयरिंग नहीं कराई गई तो प्राचीन प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचेगा।

प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा

पुरातत्व विभाग की ओर से संग्रहालय में नियुक्त किए गए केयर टेकर एआर कुशवाहा ने बताया कि विभाग की ओर से बिल्डिंग की मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा गया है। जैसे ही बजट स्वीकृत होगा तो बिल्डिंग की रिपेयरिंग कराई जाएगी।

भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी लगातार कर रहे तूफानी जनसंपर्क

टीकमगढ़, देशबन्धु। रविवार को भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी ने टीकमगढ़ विधानसभा के ग्राम मामौन, बजरंगखेड़ा, मोहनपुरा, हजूरी नगर, लक्ष्मणपुरा में जनसंपर्क कर जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद मांगा और टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर कमल खिलाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। वही पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी ने भी ग्राम शिवपुरी, गणेशगंज, मणिकपुरा में भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी के समर्थन जनसंपर्क कर जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद मांगा।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियों आयोजित

टीकमगढ़, देशबन्धु। मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेष शर्मा के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में रविवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान के महत्त्व पर के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही रैली निकाल कर एवं मतदाता जागरूकता शपथ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिये जागरूक किया गया।

कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण में विशेष बिंदुओं की दी जानकारी

टीकमगढ़, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतदान दलों का प्रशिक्षण अशासकीय पुष्पा इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं पीजी कॉलेज टीकमगढ़ में संपन्न हुआ, जिसमें कलेक्टर श्री शर्मा के द्वारा स्वयं विशेष बिंदुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 2319 लोगो में से 29 लोग अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण कार्य हेतु राज स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ आरके जैन, डॉ. आजाद अहमद मंसूरी, डॉ. हरिमोहन राय, डॉ. एबी खरे एवं 70 मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण में 55 बूथ महिलाओं के पिंक बूथ व हर विधानसभा में 2 बूथ दिव्यांग बूथ है, जिसमें सभी दिव्यांग मतदान दल अधिकारी रहेंगे एवं पोस्टल बैलेट हेतु फॉर्म 12 नोडल अधिकारियों द्वारा भरवाया गया। प्रशिक्षण की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण पीआर त्रिपाठी, जिला परियोजना समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयक शैलेष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

टीकमगढ़। जितेंद्र क्रांतिकारी द्वारा खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी के नगर परिषद, बल्देवगढ़ में चुनाव कार्यालय का सुंदरकांड पाठ एवं रिबन काटकर किया। जिसमें जितेंद्र क्रांतिकारी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित संबोधित करते हुए जीत का मंत्र दिया गया। इसी के साथ विधानसभा के प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी द्वारा कहा गया कि मैं विगत 12 वर्ष से जनता का सेवक हूं और और विधायक बनने के बाद भी जनता के साथ रहूंगा। ये चुनाव में नही खरगापुर विधानसभा की जनता लड़ रही है। इस अवसर पर जिला सचिब रामदीन अहिरवार, नितिन कुमार जैन ब्लॉक अध्यक्ष टीकमगढ़, जतारा ब्लॉक अध्यक्ष मोहन अहिरवार, पुनीत खरे, राम राय आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आरएसएस के पथ संचलन में भाजपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व विधायक श्रीवास्तव हुए शामिल

टीकमगढ़, देशबन्धु। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में पथ संचलन निकाला। शहर के किले का मैदान परिसर में संघ कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद शहर की प्रमुख सड़कों से होकर पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान भाजपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव भी संघ कार्यकर्ता के तौर पर संचलन में साथ नजर आए। जिला संघ चालक शिरीष बिहारी मिश्रा ने बताया कि विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को शहर के किले का मैदान में कार्यक्रम रखा गया। बौद्धिक के बाद शहर में पथ संचलन निकाला गया। संघ कार्यकर्ता सफेद शर्ट, खाकी पैंट और काली टोपी पहनकर शहर की प्रमुख सड़कों पर निकले। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह लोगों ने संघ कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की। पथ संचलन किले का मैदान से शुरू होकर गांधी चौराहा, कोतवाली रोड, सेलसागर चौराहा, सिंधी धर्मशाला नझाई रोड होते हुए निकाला गया।

भाजपा इस्तीफा दे चुके पूर्व विधायक हुए शामिल- टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर भाजपा के पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने 21 अक्टूबर को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। रविवार को वे संघ कार्यकर्ता के तौर पर विजयादशमी पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद पथ संचलन में संघ कार्यकर्ताओं के साथ शहर की सड़कों पर निकले। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने से पहले मैं संघ से जुड़ा था।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अहंकार छोड़ें नेता, हर बूथ.... को बुलाया गया है। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र यादव, सह प्रभारी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। बैठक में सागर संभाग के सभी संगठन नेता, जिलाध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला महामंत्री, प्रवासी प्रभारी नेता मौजूद रहे। गृहमंत्री अमित शाह सुबह 11.40 बजे भोपाल से हेलिकॉप्टर के माध्यम से खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे खजुराहो के पांच सितारा होटल आए और सीधा बैठक शुरू की। दो घंटे तक रुकने के बाद अमित शाह दोपहर करीब 1 बजे खजुराहो से रीवा के लिए निकल गए।

कांग्रेस काल में बुधनी को.... आशिर्वाद मिल रहा है। सड़कों का जाल पूरे क्षेत्र में बिछा है। यहां सीएम राइज़ स्कूल, आईटीआई, कॉलेज, नर्मदा जी का पानी, जो कुछ दिया वो केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही दिया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, स्कूटी वाली बेटी, लैपटॉप वाली बेटी और लाड़ली लक्ष्मी बेटियां आज स्नेह देने आई थी। हर गली, हर दुकान और हर घर से मेरा स्वागत हुआ। आपने फूलों की वर्षा कर मेरा स्वागत सत्कार किया। मैं आपके पैरों में कभी काटे नहीं चुभने दूंगा। ये वही माटी है जहां से मुझे बहुत प्यार मिला है।

युवाओं को रोजगार चाहिए.... पंप के लिए फ्री बिजली अपने किसान भाइयों को देने का काम करने वाले है। हमने अपने नौजवान साथियों के लिए रोजगार देने का काम किया क्योंकि हमारी नियत और नीति थी कि हम प्रदेश को पटरी पर लाएं।

उन्होंने कहा कि जहाँ नदी ना हो, वहां भी ये शिवराजसिंह जी पुल की घोषणा कर देते है। शिवराज सिंह चौहान ने 18 साल में केवल जनता को गुमराह करने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के 3.5 लाख करोड़ का कर्ज तो लिया लेकिन इस कर्ज का कोई भी हिसाब इनकी सरकार के पास नहीं है। आज प्रदेश के नौजवानों का भविष्य दाव पर लगा है। उसकी चिंता इस सरकार को नहीं है। हमारी सरकार आने पर हम फिर से किसानों का कर्ज माफ़ करने का काम करेंगे। हम स्कूल की शिक्षा कों पूरी तरह से मुफ्त करने और स्कूल के बच्चों को आर्थिक मदद करने का काम करेंगे।

युवक की हत्या, शराब दुकान के पीछे मिला शव

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी के ईंटखेड़ी थाना इलाके में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक युवक की हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह ईंटखेड़ी स्थित शराब दुकान से पीछे उसका खून से लथपथ शव देखा गया तो घटना का पता चला। बताया गया है कि उक्त युवक एक टाइल्स की दुकान पर काम करता था और तीन माह पहले ही ईंटखेड़ी क्षेत्र में रहने आया था। फिलहाल पुलिस को इस मामले में कोई सुराग नहीं मिला है। एसडीओपी मंजू चौहान ने बताया कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे लोगों ने शराब दुकान के पीछे शव पड़ा होने की सूचना दी थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया।युवक की आंख और सिर के पिछले हिस्से में चोट के निशान थे। वहीं शव के पास ही शराब की बोतल और प्लास्टिक के गिलास पड़े हुए थे। उसके हाथ में एके लिखा हुआ था। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर मृतक की पहचान ईंटखेड़ी में रहने वाले अमर कुमार यादव 35 वर्ष के रूप में हुई। उसकी पत्नी ने बताया कि शुक्रवार रात नौ बजे अमर घर से निकला था। उसके बाद घर नहीं लौटा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि अमर पहले करोंद में रहता था। तीन माह पहले ही वह ईंटखेड़ी में रहने आया था। यहां पर वह एक टाइल्स की दुकान पर काम करता था। पुलिस ने घटनास्थल की एफएसएल टीम से भी जांच कराई है। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल को देखकर यही लगता है कि अमर ने वहां कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पी थी। संभवत:उसी दौरान विवाद होने पर उसकी हत्या कर दी गई। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस शराब दुकान और उसके आसपास लगे सीसीटीवी की तस्वीरों से सुराग तलाश रही है।

बुजुर्ग ने चोरी करते देखा तो चोर ने राड से पीटा, हुई मौत

भोपाल, देशबन्धु। ईटखेड़ी इलाके में एक बुजुर्ग की रॉड से पीटकर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग का कुसूर इतना था कि उसने ढाबे पर अपने साथ काम करने वाले युवक को चोरी करते देखा लिया था। इस पर जब बुजुर्ग ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह मारपीट करने लगा। हाथापाई के बीच उसने बुजुर्ग के सिर पर रॉड मार दी और फिर बेसुध होने तक पीटता रहा। बाद में आरोपी ढाबा मालिक की कार लेकर फरार हो गया। इधर, गंभीर हालत में बुजुर्ग को भर्ती कराया, जहां चार दिन चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

ईटखेड़ी इलाके में स्थित लीलावती हॉस्पिटल के सामने दादा जी ढाबे का संचालन होता है। यहां देवलखेड़ी निवासी कमल सिंह मीणा पुत्र दोलतराम मीणा उम्र 60 वर्ष लंबे समय से चौकीदारी करते थे। वे रोज की तरह 24 अक्टूबर दशहरे की रात ढाबे पर ड्यूटी कर रहे थे। उनके साथ सागर जिले के सिमरिया गांव का रहने वाला मनीष विश्वकर्मा भी था। दोनों कुछ देर बातचीत करते रहे, फिर सो गए। रात करीब डेढ़ बजे ढाबे के अंदर से कुछ आवाजें आई तो कमल सिंह की नींद खुल गई इस पर उन्होंने अंदर जाकर देखा तो वहां मनीष गल्ले से रुपए चुराने की कोशिश कर रहा था। कमल सिंह ने उसे रुपए नहीं चुराने का कहा। लेकिन वह नहीं माना। जब कमल ने पुलिस बुलाने का कहा तो वह गुस्से में आग बबूला हो गया और फिर दोनों के बीच हाथापाई भी होने लगी। इस बीच मनीष ने पास ही पड़ी एक रॉड उठाई, और कमल सिंह के सिर पर दे मारी। इसके बाद वह कमल को बेसुध होने तक पीटता रहा और फिर उसे मरा समझकर वह ढाबे मालिक की कार लेकर फरार हो गया। घटना के बाद से बुजुर्ग का उपचार चल रहा था। जहां शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई।

इधर पुलिस आरोपी की तलाश में सागर पहुंची है। वहां उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ढाबे के संचालक और वहां काम करने वाले कर्मचारियों से आरोपी मनीष के बारे में पूछताछ में जुटी है। हैरानी की बात यह है कि ढाबे के संचालक के पास मनीष का कोई पहचान पत्र नहीं है। ऐसे में कयास लगाए जो रहे कि उसने जो नाम पता बताया था। वह असली है भी या नहीं। वहीं घटना के बाद वह संचालक की जिस कार को ले भागा था। वह रायसेन रोड स्थित बियर फैक्ट्री के करीब टोल टैक्स के पास बरामद हुई है।

तेज रफ्तार कार पलटी, एक युवक की मौत

भोपाल, देशबन्धु। नर्मदापुरम मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि कार चला रहा युवक और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक 36 वर्षीय सुधीर पुत्र चंद्रमोहन बत्रा लालजत राय कालोनी में रहते थे। शुक्रवार रात वह अपने परिचित परेश चतुर्वेदी और हेमंत के साथ कार से ढाबे पर खाना खाने के लिए औबेदुल्लागंज गए थे। वहां से तीनों वापस भोपाल लौट रहे थे। इसी दोरान मिसरोद थाने से कुछ दूरी पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए बंसल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद सुधीर की मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथियों की हालत गंभीर बनी हुई है।

मंहगाई की मार से कराह रही जनता, फिर सौ रूपए पहुंचे प्याज के दाम

पन्ना, देशबन्धु। जहां एक ओर भाजपा सरकार द्वारा विकास की बाते की जा रही है, वहीं दूसरी ओर आम जनता बेतहासा मंहगाई से परेशान है, प्याज के दाम सौ रूपये किलो पहुंच गये है। जिससे बजार में आम लोग मंहगाई में अफरा तफरी का माहोल कायम हो गया है। प्याज के अलावा अनेक चीजो के दामो में भारी वृद्धि हो गई है। दाल एक सौ अस्सी रूपये से दौ सौ रूपये किलो तक बिक रही है। दीपावली के अवसर पर मकान पोतने वाले कलर के दाम भी दो गुने हो गये है।

इस प्रकार बजार लगातार हर चीज के बढ रहे दाम से आम गरीब जनता की कमर टूट गई है। एक तरफ सरकार द्वारा वोट पाने के लिए जनता को रेवडी बांटी जा रही है, दूसरी तरफ लगातार मंहगाई बढाकर आम जनता की कमर तोडी जा रही है। भाजपा की केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा धर्म तथा विकास के झूठे सपना दिखाकरक आम जनता के साथ लगातार छलावा किया जा रहा है। लेकिन आगामी समय में जनता सरकारो की मनमानी तथा मंहगाई का जवाब देगी।

कोतवाली पुलिस ने बलेनो कार में पकड़ी 10 पेटी अवैध शराब

पन्ना, देशबन्धु। आचार संहिता के दौरान पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब विक्रय करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में कोतवाली पुलिस ने बलेनो कार से दस पेटी अवैध शराब पकड़ी है तथा आरोपी सुमित पान्डेय पिता राजेन्द्र पान्डेय निवासी सलेहा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ अवैध शराब विक्रय अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि सुमित पान्डेय पूर्व में भी जुआ तथा चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी रोहित मिश्रा तथा अन्य स्टाफ के द्वारा की गई।

बटियागढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

देशी कट्टा बनाने की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़, 2 जिंदा कारतूस सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

दमोह देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक दमोह एवं चुनाव आयोग द्वारा आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अवैध गतिविधियो पर नजर रखते हुये कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी पथरिया के मार्गदर्शन में दिनांक 28.10.2023 को मुखबिर सूचना पर से आरोपी रामकुमार पिता रमेश खटीक उम्र 35 वर्ष निवासी सादपुर थाना रजपुरा के कब्जे से एक अवैध 12 बोर की देशी अद्दी मय 02 जिंदा कारतूस के सादपुर रोड पर पुलिया के पास से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ पर उपरोक्त जप्तशुदा हथियार बद्री विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा उम्र 41 साल निवासी ग्राम सगरोन द्वारा अवैध रूप से निर्माण कर उसके द्वारा विक्रय करना बताने पर आरोपी बद्री विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा उम्र 41 साल निवासी ग्राम सगरोन थाना मगरोन के कब्जे से भी ग्राम बेलखेड़ी मस्जिद के पास से एक अवैध 12 बोर का देशी कट्टा मय एक जिंदा कारतूस के अवैध रूप से रखे मिलने पर लायसेस न होने से मौके पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ पर उसके द्वारा सगरोन स्थित उसकी दुकान पर उक्त जप्तशुदा अवैध हथियारो का कृषि यंत्र बनाने की आड़ में अवैध फैक्टरी का संचालन कर अवैध देशी हथियारो का हाथ से निर्माण कर विक्रय करना बताने पर उक्त स्थान पर पुलिस स्टाफद्वारा रेड कार्यवाही कर अवैध देशी हथियार निर्माण करने वाली सामग्री को मौके से जप्त कर उक्त दोनो आरोपीगणो के विरूद्ध थाना बटियागढ़ में अपराध क्र.- 408/2023 धारा 25 (1-एए), 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। आरोपीगणों को न्यायालय में पेश किया गया है। सराहनीय कार्य निरी. नेहा गोस्वामी, उपनिरी. शेषकुमार दुबे, सउनि पवन तिवारी सउनि बालमुकुन्द सिंह प्रआर 475 तुलसीराम पटैल, प्रआर 65 भूपेन्द्र पटैल, प्रआर 802 विपेश चौबे, प्रआर. 763 रामुकमार यादव आर.713 अक्षय मिश्रा, आर. 593 नरेन्द्र सिंह, आर.754 संकेत तिवारी, आर. 556 भरत गंधर्व, आर. 855 अमन वाल्मीक, आर. 464 पवन तिवारी, आर. 642 विशाल सैनी, आर. 168 अरूण साहू, आर. 715 रवि अहिरवार का रहा।

टाईगर रिजर्व के चारों तरफ 2 किलीमीटर दूरी के क्षेत्र को ईको सेन्सिटिव जोन घोषित

दमोह देशबन्धु। गेम परिक्षेत्र सिगौरगढ़ स्थित गिरी दर्शन रेस्ट आऊस में मुख्य वन संरक्षक सागर अनिल के. सिंह, वृत्त सागर की अध्यक्षता में वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व में सम्मिलित होने वाले वनक्षेत्र से संबंधित विषय पर संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में वन मण्डल अधिकारी नौरादेही डॉ. ए.ए. अंसारी एवं वन मण्डल अधिकारी दमोह एम.एस. उइके, उप वन मण्डल अधिकारी तेन्दूखेड़ा रेखा पटेल, रेंज आफीसर सिंग्रामपुर आश्रय उपाध्याय, वन मण्डल दमोह एवं नौरादेही रेंज ऑफीसर, वन अमला मौजूद रहे। बैठक में वन मण्डल अधिकारी नौरादेही डॉ. ए.ए. अंसारी द्वारा टाईगर रिजर्व से संबंधित अधिकारों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी प्रकार वन मण्डल अधिकारी दमोह द्वारा भी दमोह वन मण्डल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत टाईगर रिजर्व से बचे वनक्षत्रों को पुर्नगठित करने संबंधी प्रस्ताव रखे गये। मुख्य वन संरक्षक, सागर द्वारा वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व के जारी नोटीफिक्केशन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व में सम्मिलित होने वाले वफर क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों के अधिकार यथावत रहेंगे। इन क्षेत्रो में किसी भी प्रकार के विस्थापन की प्रक्रिया नही अपनाई जायेगी। साथ ही टाईगर रिजर्व के वफर/कोर क्षेत्र के चारों तरफ02 किलीमीटर दूरी के क्षेत्र को ईको सेन्सिटिव जोन (ईएसजेड) घोषित किया गया है।

इसमें किसी भी प्रकार की गतिविधि में अवैध उत्खनन, अवैध कटाई, पक्का निर्माण, मछली पालन आदि कार्य प्रतिबंधित रहेंगे। बैठक में मुख्य वन संरक्षक सागर अनिल के. सिंह द्वारा अग्नि सुरक्षा विषय पर जानकारी दी गई। सभी वन अधिकारी/कर्मचारी संवेदनशील वनक्षेत्रों को चिन्हित करें एवं फायर अलर्ट पोटर्ल पर अधिक से अधिक वन अमले, ग्राम वन समिति सदस्य, सुरक्षा श्रमिक एवं ग्रामीणों के अधिक से अधिक पंजीयकन करवायें जिससे वनक्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा संबंधी को सुदृढ किया जा सके।

महाराजा अजमीढ़ देव जयंती पर सोनी समाज ने किया कार्यक्रम का आयोजन

दमोह देशबन्धु। सर्व स्वर्णकार सोनी समाज के आदि पुरुष और आराध्या महाराजा अजमीढ़ देव जी की जयंती पर सर्व स्वर्णकार सोनी समाज द्वारा विशाल आयोजन किया गया। दमोह के सराफा बाजार बकौली चौराहै पर एकत्रीकरण के बाद एक विशाल शोभायात्रा दमोह शहर के मुख्य मार्ग से होते हुई निकाली गई। बकौली चौराहे से शुरू हुई ये शोभायात्रा टॉकीज तिराहा पुराना थाना सिटी नल, महाकाली चौराहा बड़ा पुल होती हुई घंटाघर पहुंची यहां पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा इस शोभायात्रा का स्वागत किया गया उसके बाद ये शोभा यात्रा दमोह के बकौली चौराहे पर समाप्त हुई जहां पर मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। यहां पर भगवान अजमीढ़ देव जी की आरती प्रसाद वितरण और सह भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दमोह विधानसभा के प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया और अजय टंडन भी शामिल हुए उन्होंने भगवान अजमीढ़ देव जी का पूजन किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की महिलाओं ने और वरिष्ठ जनों ने विशेष सहयोग दिया ।

भाजपा के विकास से प्रभावित होकर सैकड़ों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

दमोह देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया निरंतर जनसंपर्क और बैठक कर रहे हैं इसी कड़ी में 29 अक्टूबर को खंगार क्षत्रिय समाज, अहिरवाल समाज एवं जाटव समाज के महानुभावों के साथ बैठक की, बैठक में 300से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने भाजपा के विकास से प्रभावित होकर भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की जयंत मलैया ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत एवं अभिनंदन है एवं सिविल वार्ड नंबर 7 एवं नया बाजार 4 में बैठक में शामिल हुए। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में गंगाराम अहिरवार, सुरेश माते, हेतराम अहिरवार, रूपराम जाटव, करन सूर्यवंशी, शंकर कबाड़ी, सुरेश ठेकेदार, लखन रोहित, डेलन रोहित, अशोक भारती मंचाशीन रहे। नया बाजार 4 की बैठक में झुन्नीलाल राही बालकृष्ण पहलवान रतीराम जुगल किशोर हरिराम खलक मेजर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सिविल वार्ड 7 की बैठक में अनिल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी रमन खत्री रामू कुसमरिया शैलजा हजारी हरिश मिश्र श्याम विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता की उपस्थिति रही।

कांग्रेस के चारों प्रत्याशी आज भरेंगे नामांकन

दमोह देशबन्धु। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने बताया कि जिले के समस्त मडंलम सेक्टर ब्लाक अध्यक्षो मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठो के अध्यक्षों एवं समस्त कांग्रेसजनों से आग्रह किया है कि आज 30 अक्टूबर को दमोह जिला के विधानसभा 54 पथरिया से राव ब्रजेन्द्र सिंह 55 दमोह से अजय कुमार टंडन, 56 जबेरा से प्रताप सिंह एवं 57 हटा से प्रदीप खटीक अपना नामांकन भरने के लिए जिला काग्रेस कार्यालय में इकठठे होकर वहाँ से पदयात्रा कर बस स्टैंड, घंटाघर पर गांधी जी प्रतिमा पर एवं अम्बेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पार करके चारों विधानसभा के कांग्रेसजनों के साथ कोपरेटिव बैंक, कमला नेहरू कालेजी से नवजाग्रति स्कूल से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन फार्म जमा करेंगे।

आचार्य विद्यासागर महाराज के 78 वे अवतरण दिवस पर किया भजन संध्या का आयोजन

दमोह देशबन्धु। शरद पूर्णिमा के अवसर पर जय जय गुरुदेव संत भवन निर्माण समिति फतेहपुर आचार्य श्री विद्यासागर 78 वे अवतरण दिवस के अवसर पर भक्तांबर पाठ के 48 काव्य पढ़कर आचार्य विद्यासागर महाराज जी की आरती गाकर भजन संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जय जय गुरुदेव संत भवन निर्माण समिति प्राचीन जैन मंदिर के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार आचार्य विद्यासागर महाराज का 78वां अवतरण दिवस प्राचीन जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया । आचार्य विद्यासागर महाराज 28 अक्टूबर शरद पूर्णिमा को 78वे अवतरण दिवस के अवसर पर जय जय गुरुदेव संत भवन निर्माण समिति फतेहपुर व्यवस्थापक सोमेष जैन की तरफ से फलो का वितरण किया। कार्यक्रम में आसपास के समाज के लोग शामिल हुए बा ग्रामीण भी शामिल हुए बा कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र जैन (राजू) रविंद्र जैन की भूमिका रही।

मतदाताओं को जागरूक करने हुई रंगोली प्रतियोगिता

दमोह देशबन्धु। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में बुन्देलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ईएलसी गठन सदस्यो ने रंगोली प्रतियोगिता आयोजन प्राचार्य शोभा दीवान की उपस्थिती में किया गया। जिसमें शाला की छात्राओं द्वारा बढ़-चढ के हिस्सा लिया गया और एक से बढ़कर एक .रंगोली की बनाई गई । जिसमें ईवीएम मशीन का चित्र और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कोटेशन लिखे गए। सभी छात्राओं के लिए पुरस्कार प्राचार्य शोभा दीवान द्वारा दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक मास्टर ट्रेनर निर्वाचन जयकुमार जैन एवं मास्टर ट्रेनर रूपचंद पटेल के मुख्य निर्देशन में किया गया । कार्यक्रम में शाला परिवार के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही ।

हिंदवी स्वराज समारोह समिति ने आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता

दमोह देशबन्धु। हिंदवी स्वराज 350 वां वर्ष समारोह आयोजन समिति द्वारा स्थानीय उत्सव विलास परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दमोह जिले के समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया।

प्रतियोगिता में छत्रपति शिवाजी महाराज की थीम पर छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक चित्र बनाए गए। आयोजन समिति के संयोजक विक्रम साहू ने कहां की हिंदवी स्वराज 350 वा वर्ष समारोह समिति द्वारा पूरे साल भर विभिन्न प्रकार के आयोजन आयोजित किया जा रहे इसी क्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज की थीम पर इस चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए सभी बच्चों को आगामी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्य रूप से समिति के संयोजक विक्रम साहू, दीपेश उपाध्याय,रिंकेश साहू हिमांशु रैकवार ,राम पटेल,तरुण कोरी,जागेश्वर रजक,पवन रजक,दीपक नेमा, दीप्ति खरे, श्रुति राजपूत, मनोरमा रतले, प्रिया श्रीवास्तव, एकता विश्वकर्मा, रश्मि वर्मा सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ

दमोह देशबन्धु। स्थानीय जबलपुर नाका स्थित राजा पटना बैंक के पीछे शक्तिनगर कालोनी में दिव्य भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ हुई। कथा के मुख्य श्रोता कुन्दन सेन के द्वारा भागवत एवं व्यास पूजन किया गया। कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने महादानी कर्ण की कथा सुनाते हुये कहा कि जब महाराज युधिष्ठिर इंद्रप्रस्थ पर राज्य करते थे। वे काफी दान आदि भी करते थे। धीरे-धीरे उनकी प्रसिद्धि दानवीर के रूप में फैलने लगी और पांडवों को इसका अभिमान होने लगा। एक बार कृष्ण इंद्रप्रस्थ पहुंचे। भीम व अर्जुन ने युधिष्ठिर की प्रशंसा शुरू की कि वे कितने बड़े दानी हैं तब कृष्ण ने उन्हें बीच में ही टोक दिया और कहा- हमने कर्ण जैसा दानवीर और नहीं सुना। पांडवों को यह बात पसंद नहीं आई। भीम ने पूछ ही लिया, कैसे कृष्ण ने कहा कि समय आने पर बतलाऊंगा।कुछ ही दिनों में सावन का माह शुरू हो गया और वर्षा की झड़ी लग गई। उस समय एक याचक युधिष्ठिर के पास आया और बोला, महाराज मैं आपके राज्य में रहने वाला एक ब्राह्मण हूं और मेरा व्रत है कि बिना हवन किए कुछ भी नहीं खाता-पीता। कई दिनों से मेरे पास यज्ञ के लिए चंदन की लकड़ी नहीं है। यदि आपके पास हो तो, मुझ पर कृपा करें, अन्यथा हवन तो पूरा नहीं ही होगा, मैं भी भूखा-प्यासा मर जाऊंगा। युधिष्ठिर ने तुरंत कोषागार के कर्मचारी को बुलवाया और कोष से चंदन की लकड़ी देने का आदेश दिया। संयोग से कोषागार में सूखी लकड़ी नहीं थी। तब महाराज ने भीम व अर्जुन को चंदन की लकड़ी का प्रबंध करने का आदेश दिया लेकिन काफी दौड़- धूप के बाद भी सूखी लकड़ी की व्यवस्था नहीं हो पाई। तब ब्राह्मण को हताश होते देख कृष्ण ने कहा, मेरे अनुमान से एक स्थान पर आपको लकड़ी मिल सकती है, आइए मेरे साथ ब्राह्मण की आखों में चमक आ गई। भगवान ने अर्जुन व भीम को भी इशारा किया, वेष बदलकर वे भी ब्राह्मण के संग लिए कृष्ण सबको लेकर कर्ण के महल में गए। सभी ब्राह्मणों के वेष में थे, कर्ण ने उन्हें पहचाना नहीं। याचक ब्राह्मण ने जाकर लकड़ी की अपनी वही मांग दोहराई। कर्ण ने भी अपने भंडार के मुखिया को बुलवा कर सूखी लकड़ी देने के लिए कहा, वहां भी वही उत्तर प्राप्त हुआ ब्राह्मण निराश हो गया। अर्जुन-भीम प्रश्न-सूचक निगाहों से भगवान को ताकने लगे। लेकिन वे अपनी चिर-परिचित मुस्कान लिए बैठे रहे। तभी कर्ण ने कहा, हे देवता! आप निराश न हों, एक उपाय है मेरे पास। उसने अपने महल के खिड़की-दरवाजों में लगी चंदन की लकड़ी काट-काट कर ढेर लगा दी, फिर ब्राह्मण से कहा, आपको जितनी लकड़ी चाहिए, कृपया ले जाइए। कर्ण ने लकड़ी पहुंचाने के लिए ब्राह्मण के साथ अपना सेवक भी भेज दिया ब्राह्मण लकड़ी लेकर कर्ण को आशीर्वाद देता हुआ लौट गया। पांडव व श्रीकृष्ण भी लौट आए। वापस आकर भगवान ने कहा, साधारण अवस्था में दान देना कोई विशेषता नहीं है, असाधारण परिस्थिति में किसी के लिए अपने सर्वस्व को त्याग देने का ही नाम दान है। अन्यथा चंदन की लकड़ी के खिड़की-द्वार तो आपके महल में भी थे हमें ऐसे कार्यों में संलग्न करना चाहिए कि भगवान स्वयं हमें देखे। केवल एक गुण या एक कार्य में अगर हम पूरी निष्ठा से अपने को लगा दें, तो कोई कारण नहीं कि भगवान हम पर प्रसन्न न हों कर्ण ने कोई विशेष कार्य नहीं किया, किंतु उसने अपना यह नियम भंग नहीं होने दिया कि उसके द्वार से कोई निराश नहीं लौटेगा।

द्विवेदी को जिला कांग्रेस सचिव नियुक्त

दमोह/नोहटा देशबन्धु। अजय टंडन दमोह प्रत्याशी रतन चंद्र जैन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, प्रताप सिंह लोधी पूर्व विधायक की अनुशंसा पर नरेश द्विवेदी पिता झुमकलाल द्विवेदी को जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव पद पर नियुक्त किया गया।

पथरिया में एक बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला होगा

दमोह/पथरिया देशबन्धु। विधानसभा चुनाव में पिछले पंचवर्षीय जैसे इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले भाजपा,कांग्रेस,बसपा फिर मैदान में हालांकि अभी तक आधा दर्जन ही उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं आखिरी दिन बचा है ऐसे में अंतिम दिन कितने नामांकन दाखिल हो रहें हैं यह देखना होगा वैसे पिछले पंचवर्षीय में 21 उम्मीदवार मैदान में थे लेकिन इस बार अभी तक सिर्फ आधा दर्जन उम्मीदवार हैं मतलब एक बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला के समीकरण बनें हुए हैं।

सोशल मीडिया पर गाइड लाइन के तहत करें पोस्ट : दीपक आर्य

सागर, देशबन्धु। विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कतिपय असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप्प इत्यादि के माध्यम का दुरूपयोग कर सांप्रदायिक, धार्मिक तथा जातिगत विद्वेष पहुंचाने संबंधी दुर्भावनापूर्ण पोस्ट करने की सूचनाएं प्राप्त होती रही है। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि विधानसभा निर्वाचन की नियत अवधि अंतर्गत सामान्य व्यक्तियों, असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साम्प्रदायिक तथा जातिगत विद्वेष दुर्भावनापूर्ण संदेशों को पूर्णत: प्रतिबंधित किये जाने की कार्यवाही की जाए। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग के संबंध में धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत निर्वाचन से संबंधित राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के बारे में प्रचार-प्रसार संबंधी लेख, जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति के प्रमाणन के पश्चात ही अपलोड किये जाये। आम जन, राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं शासकीय सेवको द्वारा भी सोशल मीडिया में आदर्श आचार संहिता के निदेशों के अधीन रहते हुये लेख व वीडियों अपलोड किये जायें। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे वाट्सएप, फेसबुक, हाईक, एक्स, एसएमएस, इस्ट्राग्राम इत्यादि का दुरूपयोग कर जातिगत व धार्मिक, सामाजिक भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने, उत्तेजित करने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण और फारवर्ड नही करेगा। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त ऊपर वर्णित सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलने वाले संदेश, फोटो, आडियो, वीडियो इत्यादि भी सम्मिलित है, जिसमें धार्मिक, जातिगत, सामाजिक आदि भावनाएं भड़क सकती है, या सांप्रदायिक विद्वेष उत्पन्न होता है, को न ही प्रसारित करेगा और न ही भेजेगा। सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक, सांप्रदायिक, जातिगत भावनाएं भड़कती हो कमेंट, लाईक, शेयर या फारवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप मे इस प्रकार के संदेशों को रोके तथा तत्काल उनकी सूचना निकटतम थाने को प्रदान करें। संभव हो तो ग्रुप एडमिन ग्रुप की सेंटिंग ओनली फॉर एडमिन पर भी रख सकते है। कोई भी सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने वाले या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता के माध्यम से पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेगा और न ही इसके लिए प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति विकृत फोटो वीडियो ऑडियो, अफवाह या तथ्यो को तोड़ मरोड़कर भड़काने, उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष हिंसा या गैरकानूनी गतिविधियो में संलग्न हो जाये, प्रसारित, फॉरवर्ड नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नही करेगा।

निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

सागर, देशबन्धु। रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कोर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण रविवार सुबह 9 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन में रो. इंजी. आशीष सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्यि, डॉ. आशीष त्रिपाठी वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र, अजय उपाध्याय, प्रभात राणा, डॉ. के.के शुक्ला, रामबहादुर शाही, रोशनी लोधी की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण में 12 बच्चों ने सहभागिता की। आरसीसी बहेरिया के अध्यक्ष फिडे आर्बिटर इंजी. अंकुर सिंह ठाकुर के द्वारा बच्चों को उनके खेल के स्तर के अनुसार शतरंज की पहेलियों की वर्कशीट घर ले जाकर हल करने के लिए दी जिससे बच्चों को उनकी कमजोरियों का पता चले और बच्चे अगली बार उसमें सुधार कर सके। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 तक नि:शुल्क कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन में दिया जाएगा। आरसीसी चैयरमेन अधिवक्ता वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चों की दिलचस्प बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 वर्षों में सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

सार-समाचार

आचार्य श्री के अवतरण दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

सागर, देशबन्धु। आचार्य श्री विद्यासागर के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा पर मुनि श्री सुदत्तसागर एवं क्षुल्लक श्रीचंद्र दत्त सागर के मंगल सानिध्य में श्री ज्ञानसागर संस्कार पाठशाला अंकुर कालोनी मकरोनिया के बच्चो ने ड्राइंग कंपटीशन में भाग लिया। सुबह आचार्य श्री विद्यासागर की पूजन भी पाठशाला के बच्चो के द्वारा की गई। यह जानकारी पाठशाला संचालिका माया जैन एवं वर्षा जैन ने दी।

रॉयल उत्सव मेला संपन्न

सागर, देशबन्धु। तीन दिवसीय रॉयल उत्सव मेला संपन्न हुआ जिसमे करीब 30 स्टॉल लगे। जिनमें ड्रेस एवं साड़ियां, डिजाइनर ज्वैलरी, केक्स, बेकरी आइटम, होम डेकोर अन्य इवेंट शमिल रहे।

निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सागर पहुंचे

सागर, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए जिले की आठ विधानसभा क्षेत्रो के लिए पांच सामान्य प्रेक्षक एवं एक पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सभी प्रेक्षक सागर के विश्रामगृह सर्किट हाउस में रूकेगें। जिले के लिए आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए जो सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किये गये, वे सभी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। इनमें सागर एवं बण्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए के हर्षवर्धन, विधानसभा क्षेत्र खुरई एवं सुरखी के लिए गंधम चंद्ररुडु, विधानसभा क्षेत्र देवरी के लिए सुनील कुमार यादव, विधानसभा बीना के लिए प्रेमकुमार व्ही आर एवं विधानसभा क्षेत्र नरयावली, रहली के लिए अंबामुथन एमपी नियुक्त किये गये है। इसी प्रकार आयोग के द्वारा जिले के आठ विधानसभा क्षेत्रो के लिए भारतीय पुलिस सेवा के प्रकाश डी को पुलिस प्रेक्षक बनाया गया है।

विधानसभा चुनाव के लिए रैलियों एवं सभाओं की अनुमति ऑनलाइन भी

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को सभा के लिये मैदान, रैली निकालने, लाउडस्पीकर, वाहन एवं हेलीपैड के लिये अनुमति लेने के लिए अब निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे इन अनुमतियों के लिये ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने पारदर्शिता के मद्देनजर किसी भी कार्य की अनुमति लेने के लिये राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पहले आओ पहले पाओ की सुविधा दी जाएगी। इसके तहत जो पहले ऑनलाइन आवेदन करेगा उसे पहले अनुमति दी जायेगी। इसके लिये सुविधा एप पर तय समय के पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद उपलब्धता अनुसार उन्हें अनुमति दी जायेगी।

टाटा इंडिका कार में 7 पेटी अवैध शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

सागर, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उईके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में की गई। कार्यवाही शनिवार को रात्रि में सउनि माधव सिंह थाना बीना को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर सूचना का सत्यापन कर खुरई ओव्हर ब्रिज के नीचे बारधा तरफ से आ रही टाटा इंडिका कार को रोककर चालक अंकित पिता सतीश शिवहरे से पूछताछ कर कार को चेक किया तो कार में 7 पेटी देशी मसाला अवैध शराब मिली, आरोपी अंकित शिवहरे को टाटा इंडिगो वाहन क्रमांक डीएल 3 सीडब्ल्यू 8952 में अवैध देशी शराब की सात पेटी कुल 63 लीटर कीमत करीब 35 हजार रुपए की लिए हुए रंगे हाथो गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जिसे जेल वारंट प्राप्त होने पर खुरई जेल में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बीना निरीक्षक भरत सिंह ठाकर, माधव सिंह, लोकेन्द्र, मुकुल, यशवंत की भूमिका रही।

नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन

सागर, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र जमा करने का आज अंतिम दिन सोमवार 30 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे तक का समय नियत किया गया है। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 31 अक्टूबर को तथा अभ्यर्थिताएं से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि गुरुवार 2 नवंबर नियत की गई है।

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर रोशनी के निर्देश

सागर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जाये। मप्र स्थापना दिवस बुधवार एक नवम्बर को शासकीय भवनों में रोशनी कि जायेगी इस प्रकार के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव सचिन्द्र राव ने जारी किये है।

अबिराज सिंह ने पथ संचलन में लिया भाग

खुरई, देशबन्धु। मंत्री भूपेंद्र सिंह के पुत्र ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पथ संचलन में भाग लिया। किला मैदान से शुरू हुआ पथ संचलन शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए किला मैदान पर पहुंचा। देश भक्ति गीतों की धुनों पर निकले संचलन में सभी स्वयंसेवकों ने कदमताल किया। इस अवसर पर संचलन का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।

सूने मकान से सोने चांदी के जेवरात चोरी

सागर, देशबन्धु। गोपालगंज थाना क्षेत्र के शिवाजी वार्ड स्थित शिवराज कालोनी में सूने मकान में बदमाशों ने सेंध लगाई। चोर घर में रखी अलमारियां तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व नकद रुपए लेकर भागे हैं। वारदात सामने आते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। टीम ने वारदातस्थल से आरोपियों से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार शिवराज कालोनी निवासी पुष्पेंद्र पुत्र सुंदर लाल राजपूत ने शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ 23 अक्टूबर को घर पर ताला लगाकर तीर्थदर्शन के लिए बनारस गए थे। बनारस से वापस लौटकर सागर आए और घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो सामान फैला पड़ा था। अलमारियों के गेट टूटे थे। वहीं अलमारी में रखे नकद, सोने चांदी के गहने और अन्य सामान गायब था। वारदात सामने आते ही फरियादी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके से फिंगर प्रिंट समेत अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

गोलापूर्व महासभा का दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन

गढाकोटा, देशबन्धु। अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को गढाकोटा में हुआ। साथ ही परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य जैन युवक युवतियो ने मंच से अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं लोनिवि मंत्री गोपाल भार्गव ने आयोजको को बधाई दी। इस अवसर पर मुरैना संस्कृत महाविद्यालय से सेवानिवृत्त डॉ. हरीशचंद्र जैन को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। रविवार को परिचय सम्मेलन का दूसरे दिन का शुभारंभ हुआ। जिसमें दूर दराज के क्षेत्रो से अपने अभिभावको के साथ आये युवक-युवतियो ने अपने-अपने परिचय मंच से दिए। इस अवसर पर ही राज्य सेवा परीक्षा से चयनित आयुष जैन सहित अन्य प्रतिभावान समाज गौरव को सम्मानित किया गया। दोपहर बाद में महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हुआ। जिसमें विशिष्टजनो ने विचार और सुझाव रखे। आगामी कार्यक्रमो को लेकर रूपरेखा बनाई गई। मधुवन शिखरजी में निर्माणाधीन बुंदेलखंड भवन के कार्यो की प्रगति रखी गई। महासभा ने सफलतापूर्वक आयोजन पर गढाकोटा इकाई का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मदन जैन दिल्ली, ऋषभ चंदेरिया कोतमा, राकेश जैन बडौदा गुजरात, राजेश जैन राजनांदगांव छत्तीसगढ, विनोद जैन कोतमा, राजेश जैन, राकेश जैन इंदौर, सुनील सिंघई सहित बड़ी संख्या में साधर्मी बंधु शामिल हुए। महासभा के महामंत्री चक्रेश जैन शास्त्री भोपाल ने बताया कि महासभा की गढाकोटा महिला ईकाई का गठन किया गया। मंजू जैन को गढाकोटा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

चाकू लिए युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गौरझामर, देशबन्धु। गौरझामर पुलिस ने चाकू लिए युवक को गिरफ्तार किया है पुलिस थाना प्रभारी ब्रजमोहन कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस को सूचना मिली राजकुमार पिता गोविंद पटेल उम्र 40 साल नयापुरा गौरझामर चाकू लिए मोहल्ले में घूम रहा है जिसे पुलिस ने नयापुरा पीपल के पेड़ के पास से चाकू सहित पकड़ लिया जिस पर आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा दिया गया।

कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वंदन संपन्न

सागर, देशबन्धु। सागर विधानसभा से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उम्मीदवार निधि सुनील जैन के मुख्य आतिथ्य में अक्टूबर माह के इस अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल परिवार का ध्वजवंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम गुरू गोविंद सिंह वार्ड विठ्ठल नगर में महर्षि वाल्मीकि के मंदिर के प्रागंण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय वार्ड की महिलाये और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर सर्वप्रथम निधि जैन ने महर्षि वाल्मीकि के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम पश्चात् मुख्य अतिथि निधि सुनील जैन ने कहा कि सेवादल के इस कार्यक्रम से देशप्रेम की भावना जन-जन तक पहुंच रही है, और यह देश प्रेम विरोधियों की तरह बनावटी और दिखावटी नहीं है। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल के अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण सेवादल के अध्यक्ष महेश जाटव के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी ने किया। इस अवसर पर पप्पू गुप्ता, चक्रेश सिंघई, विजय साहू, जितेन्द्र रोहण, हीरालाल चौधरी, अभिनव मिश्रा, नितिन पचौरी, कल्लू पटेल सहित आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

चुनावी सूचनाओं के लिए टोल फ्री नम्बर 1950

सागर, देशबन्धु। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत शिकायतों के निराकरण के लिये प्रभावी व्यवस्था जिले की विधानसभाओं में सुनिश्चित की गई है। राज्य स्तर पर संचालित कॉल सेंटर का टोल फ्री नम्बर 1950 पर लगातार 24 घण्टे काम हो रहा है। प्राप्त शिकायतों को नेशनल ग्रेविर्येंस सर्विसेज पोर्टल पर भी दर्ज किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में कांटेक्ट सेन्टर के माध्यम से प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को प्राप्त हो रही शिकायतों को भी डिजिटाइज कर समय-सीमा में उनका निराकरण किया जा रहा है। राजनैतिक दलों द्वारा की जा रही शिकायतों के संधारण हेतु प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट का अलग से मॉड्यूल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से समस्त राजनैतिक दलों द्वारा की गई सभी प्रकार की शिकायतों के निराकरण की स्थिति उनके द्वारा वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली बाइक रैली

बीना, देशबन्धु। महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। पूजन के बाद बाइक रैली निकाली गई। वाल्मीकि समाज ने महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई। बीस खोली स्थित मंदिर पर पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर से बाइक रैली निकाली गई। रैली नगर के सागर गेट, गांधी तिराहा, महावीर चौक, कच्चा रोड, इटावा, आंबेडर तिराहा, सर्वोदय चौराहा होते हुए मंदिर पर संपन्न हुई। इसके बाद महाआरती हुई और भंडारा भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

अखिल भारतीय खो-खो समारोह के दूसरे दिन कई टीमों के हुये मुकाबलें

बीना, देशबन्धु। सरस्वती शिशु मन्दिर में अखिल भारतीय खो-खो समारोह के दूसरे दिन टीमों के मध्य मैच हुए जिसमें बीना अंडर.14 उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच हुए मैच में उत्तरप्रदेश विजेता रहा, मप्र और उडीसा के बीच हुए मैंच में मप्र विजेता रहा। बिहार और कर्नाटक के बीच हुए मैच में बिहार विजेता रहा। मप्र और उत्तरप्रदेश के बीच हुए मैच में उत्तरप्रदेश विजेता रहा। अंडर.17- उड़ीसा और उत्तर प्रदेश के बीच हुए मैच में उत्तरप्रदेश विजेता रहा। मप्र और उत्तर प्रदेश के बीच हुए मैच में मप्र विजेता रहा। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच हुए मैच में राजस्थान विजेता रहा। कर्नाटक और मप्र के बीच हुए मैच में मप्र विजेता रहा। अंडर.19- राजस्थान और मप्र के बीच हुए मैच में मप्र विजेता रहा। उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के बीच हुए मैच में कर्नाटक विजेता रहा। गुजरात और बिहार के बीच हुए मैच में गुजरात विजेता रहा। मप्र और उत्तर प्रदेश के बीच हुए मैच में उत्तर प्रदेश विजेता रहा। इसके पश्चात संध्या वंदन कार्यक्रम में वाल्मीकि जयंती मनाई गई जिसमें खुरई, मण्डीबामोरा, भगतसिंह वार्ड एवं बीना के भैया बहिनो के रंगारंग कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में अरुण पटेवार मध्य क्षेत्र उपाध्यक्ष, भास्कर बड़नेरकर क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रमुख, राकेश कुमार समारोह संयोजक, राजकुमार ठाकुर विभाग समन्वयक, जिला सचिव महेश अग्रवाल, प्रमोद नेमा, विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं समस्त आचार्य परिवार एवं भैया बहिन उपस्थित रहे।

विधान के पांचवे दिन निकली चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा

हम अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर कार्य करना सीखे: मुनिश्री

शाहगढ़, देशबन्धु। मुनिश्री विरंजन सागर के सान्निध्य में प्रतिष्ठाचार्य पं. शशिकांत ग्वालियर, ऋषभ राजिम एवं विवेक देवेंद्रनगर के मार्गदर्शन में नगर भवन में चल रहे श्री पच्चीस समवशरण विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में रविवार को चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। बग्गी में सोधर्म इंद्र सचिन सागर, तो दूसरी बग्गी पर चक्रवर्ती बने सुदीप डेवड़िया और कुबेर कमल कपिल डेवड़िया तीसरी बग्गी में बाहुबली राजीव बमनौरा, महायज्ञनायक राजकुमार मिठया सवार थे, भरत चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा का स्थान स्थान पर भव्य सत्कार किया। इसमें सकल समाज शामिल हुए, इसके पहले पच्चीस समवशरण महा मंडल विधान में जगत कल्याण की कामना के लिए पुण्यार्जक बने महाशान्ति धारा कैलाश डेवड़िया, श्रावक श्रेष्ठी बने संजय सुनील आर्यिका गुणमति अदावन परिवार, पाद प्रक्षालन डीसी जैन छतरपुर और शास्त्र भेंट कमल ऋषभ कपिल डेवड़िया के साथ समोशरण विधान में स्थित चार भूमियों में अर्घ समर्पित किया गया। रजपुरा से पाठशाला के बच्चे और बहु मंडल द्वारा विधान में अष्ठ द्रव्य लेकर आए, वहीं घुवारा, छतरपुर, टीकमगढ़, सागर, मलहरा, महाराष्ट्र इन्दौर से बड़ी संख्या में आए भक्तों ने मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और चतुर्मास समिति द्वारा सम्मानित किया गया, स्वागत अध्यक्ष इंद्रकुमार वकील, चक्रेश मोदी, प्रदीप वकील ने बताया कि आज रात्रि में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा, इसके अलावा चक्रेश एंड पार्टी द्वारा सुबह से समोशरण में भगवान की भक्ती करने जानें वाले मेढ़क प्रसंग को नाटिका में मंचन किया जायेगा। इस दौरान धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनिश्री विरंजन सागर ने कहा कि जिन वचनों के कण इंद्रिय में पहुंचते ही हमें समय का बोध हो जाता है, जिनेंद्र भगवान की देशना हमें अभव्यता से भव्यता तक ले जाती है, नर से नारायण बना देती है, समोशरण सम्यक का प्रतीक है, धन के पीछे जाओगे तो धर्म जाएगा और धर्म के पीछे जाओगे तो धन और पुण्य दोनों आएंगे, हम अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर कार्य करना सीखे दुनिया में विवाद जब भी होते हैं दूसरे के अधिकार क्षेत्र घुसने पर ही द्वंद होता है और जब यही द्वंद दो देशों में होने लगे तो युद्ध में बदल जाता है रिषभ देव ने भरत बहुवलि को अलग अलग राज्य दिये लेकिन जब भरत चक्रवर्ती ने बहुबलि को अपनी अधीनता स्वीकार करने को कहा तो उनके इनकार करने पर युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई युद्ध में महा विनाश ही होता है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली *
प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।